तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026


बिना ढंके कचरा लेकर शहर में दौड़ रही नगर निगम की गाड़ी।



## खबर संक्षेप

### पं. चतुर्वेदी का जन्म शताब्दी समारोह आज



**बिलासपुर।** पद्ममश्री पं. श्याम लाल चतुर्वेदी जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा पद्म श्री पं. श्याम लाल चतुर्वेदी की जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन 20 फरवरी को स्व. लखीराम आडिटोरियम में सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस अवसर पर प्रकाशित स्मृति ग्रंथ का विमोचन और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि छग के उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश उपासने होंगे। विशिष्ट अतिथि नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कोटा विधायक अटल अटल श्रीवास्तव, मस्तूतरी विधायक दिलीप लहरिया एवं मेयर पूजा विधानी होंगी। व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता छग राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. विनय पाठक एवं डा. विश्वेश ठाकरे होंगे।

### प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब की नव निर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2025- 2027 का शपथ ग्रहण समारोह 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे ग्रैंड अम्बा होटल पुराना बस स्टैंड रोड में आयोजित किया जा रहा है। क्लब के सचिव संदीप करिहार ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि छग शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मेयर पूजा विधानी, नगर पालिक निगम के सभापति विनोद सोनी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप होंगे। नव निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष अजीत मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह ठाकुर, सह सचिव हरि किशन गंगवानी, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव शपथ लेंगे।

### स्कूलों की वार्षिक परीक्षा समय सारणी जारी

**बिलासपुर।** जिले में संचालित शासकीय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत 1 लीं से 7वीं, 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पहली से चौथी कक्षा की वार्षिक परीक्षा 27 मार्च से, छठवीं, सातवीं, नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा की परीक्षा 25 मार्च से प्रारंभ होगी। नवमी एवं ग्यारहवीं की परीक्षाएं 10 अप्रैल तक होगी। वहीं शेष कक्षाओं की परीक्षा 9 अप्रैल को समाप्त होगी। कक्षाओं के अनुरूप वार्षिक परीक्षा का समय भिन्न-भिन्न निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विषयों की प्रयोजना कार्य 5 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने कहा है। परीक्षा उपरांत विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करें एवं मध्यान्ह भोजन का सुचारू रूप से संचालन करने कहा है।

### पीएम आशा योजना के तहत किसानों का पंजीयन 28 तक

**बिलासपुर।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पी.एम. आशा योजना) के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम अन्तर्गत किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाना है। योजना अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों फसल की बुवाई करने वाले किसान अपना पंजीयन 28 फरवरी तक करा सकते हैं। इन फसलों की बुवाई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन कर सकते हैं।

# हाईस्कूल मैदान में बो दिया धनिया, कलेक्टर पहुंचे मौके पर, कब्जा हटाने के निर्देश

## पांच साल से स्कूल मैदान में अतिक्रमण कर सब्जी लगा रहा ग्रामीण ◆ पांच साल से शिकायत, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

जेवरा हाईस्कूल के मैदान में अतिक्रमण कर एक ग्रामीण के द्वारा सब्जी की खेती की जा रही है। पांच साल पहले प्रारंभ किया गया यह अतिक्रमण आज तक जारी है। ग्रामीणों एवं पंचायत के द्वारा तहसीलदार से इस संबंध में लगातार शिकायत की जाती रही, लेकिन नतीजा शून्य रहा। गुरूवार को जेवरा हाईस्कूल पहुंचे कलेक्टर ने न केवल मौके पर जाकर सब्जी बाड़ी देखी, बल्कि तहसीलदार को चार दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए।

मस्तूरी ब्लॉक के अंतर्गत जेवरा हाईस्कूल के मैदान में अतिक्रमण कर सब्जी की खेती करने मामला सामने आया है। यहां रहने वाले दीपक पटेल नामक ग्रामीण के द्वारा पिछले पांच साल से स्कूल मैदान में कब्जा कर खेती की जा रही है। इस संबंध में जेवरा के सरपंच मूलचंद पटेल ने बताया कि स्कूल मैदान में करीब सवा एकड़ भूमि में उक्त ग्रामीण ने टमाटर, बैगन, भिंडी व धनिया लगा दिया है। सरपंच ने बताया कि ग्रामीण को विगत लंबे से स्कूल मैदान में ऐसा नहीं करने, बल्कि गांव की ही अन्य पड़ती भूमि में खेती कर लेने की समझाईश दी जा रही है, लेकिन वह नहीं मान रहा है। सरपंच ने इस संबंध में न केवल पंचायत, बल्कि ग्रामीणों के द्वारा भी पिछले पांच साल से सीपत तहसीलदार के समक्ष लगातार शिकायत करने की बात कही, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। आखिरकार गुरूवार को जेवरा हाईस्कूल पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके मैदान का जायजा लिया व तहसीलदार को चार दिनों के भीतर मामले का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।





### कोरोना की आपदा में उठा लिया अवसर

पांच साल पहले तक स्कूल का मैदान पूरी तरह खाली था। कोरोना के दौरान जब स्कूल लंबे समय तक बंद था और सारे लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे तब उक्त ग्रामीण ने इस सूनेपन का लाभ उठा लिया। इस दौरान ग्रामीणों की शिकायत सुनने वाला भी कोई नहीं था, क्योंकि सबकी प्राथमिकता उस समय कोरोना से जान बचाने की थी। मौके का फायदा उठाते हुए ग्रामीण ने सवा एकड़ जमीन पर कब्जा किया और सब्जी की खेती प्रारंभ कर दी।

### अतिक्रमण हटाने कहा गया है

जेवरा गांव के ही दीपक पटेल नामक एक ग्रामीण के द्वारा स्कूल मैदान में अतिक्रमण कर सब्जी की खेती की जा रही है। गुरूवार को कलेक्टर ने न केवल स्कूल मैदान की अतिक्रमित भूमि का निरीक्षण किया, बल्कि एसडीएम व तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश भी दिए हैं।

-रामेश्वर जायसवाल, प्राचार्य जेवरा हाईस्कूल

### पट्टे का हवाला देकर बाउंड्रीवॉल के भीतर कब्जा

स्कूल प्रबंधन के अनुसार कब्जाधारी के पिता को खसरा नंबर 308 जो कि छोटे-बड़े झाड़ के जंगल वाली भूमि के रूप में दर्ज है। वर्ष 1982-83 में दस वर्ष के लिए केवल सब्जी उगाने के लिए पट्टा मिला था, जो कि 1992-93 में समाप्त हो गया। इसी खसरे की भूमि में वर्ष 2015 में शाला भवन बनाया गया। वर्ष 2020 में कोविड वाला मौका देखकर अतिक्रमणकारी ने पट्टे का हवाला देते हुए स्कूल बाउंड्रीवॉल के भीतर ही अनुचित तरीके से सब्जी लगाना प्रारंभ कर दिया।

### तहसीलदार बोले, वो नायब तहसीलदार का क्षेत्र है उन्हीं से पूछें

स्कूल मैदान में अतिक्रमण कर ग्रामीण के द्वारा खेती करने संबंधी शिकायत मिलने की बात पूछने पर सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने एक लाईन में जेवरा हाईस्कूल को नायब तहसीलदार का क्षेत्र होने एवं उन्हीं से बात करने की बात कहते हुए मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया। ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होने की बात पूछने पर उन्होंने कहा कि शिकायत प्राप्त हुई थी, लेकिन जांच के लिए उन्होंने शिकायत की कॉपी नायब तहसीलदार को ही मार्क कर दी थी।

## रेकी करने के बाद बनाई थी लूट की योजना ◆ मैनपाट से चोरी की थी बाइक, अकलतरा से वेन

# व्यापारी का जेवर लूटने वालों ने की थी पूरी प्लानिंग, पर धरी रह गई होशियारी

**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर में व्यापारी से सोने के जेवर लूटने वाले उत्तर प्रदेश के लुटेरों ने रेकी करने के बाद लूट की पूरी योजना बनाई थी, लुटेरे पहले मैनपाट से बाइक चोरी कर भागे, उसके बाद अकलतरा से ईको वेन की चोरी की। लूट की वारदात के बाद सीपत के एक युवक ने भागने में इनकी मदद की और इन्हें अंबिकापुर तक पहुंचाया, लेकिन जेल में बंद एक आरोपी के साथी ने पुलिस को उसका मोबाइल नंबर देकर खेल खत्म कर दिया, मोबाइल के सहारे पुलिस आरोपियों तक पहुंच ही गई।





### पकड़े गए आरोपी

- विजय लांबा पिता रामलाल ओम बिहार उत्तम नगर द्वारिका उत्तरी दिल्ली
- मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित पिता स्व. सुन्दर गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश
- विनोद उर्फ बीनू प्रजापति पिता सुखलाल प्रजापति दादाबाड़ी कोटा राजस्थान
- करीम खान पिता वसीम खान बरेली उत्तर प्रदेश
- ईरफान अली पिता अकरम अली सीपत झलमला टिकरीपारा





### सीपत झलमला के युवक ने स्कार्पियो से अम्बिकापुर छोड़ा

सीपत झलमला टिकरीपारा निवासी ईरफान अली अपनी स्कार्पियो से परसाही नहर के पास चारों लुटेरों को बैठाकर अम्बिकापुर तक छोड़ने गया था। ईरफान अली पहले कोतमा में रह रहा था। उस दौरान आरोपी करीम खान से दोस्ती हो गई थी। वे यहां लूट की योजना बनाकर आए तो इससे गाड़ी में छोड़ने का सहयोग लिया था।

### सीपत मोहरा एनीकट में गुजारी थी रात

लुटेरों ने अम्बिकापुर मैनपाट से बाइक चोरी करने के बाद 16 फरवरी को अकलतरा अमलीपाली से इको वेन क्रमांक सीजी 10, 8147 की चोरी की, इसके बाद सीपत मोहरा एनीकट के पास रात गुजारी। 17 फरवरी को उसी चोरी की ईको वेन से वे बिलासपुर सरकण्डा आए और रैकी करने के बाद लूट की वारदात को अंजाम दिया, फिर परसाही नहर के पास सराफा व्यापारी की कार को छोड़कर वे स्कार्पियो से मोपका बाइपास से सीपत मोहरा होते हुए रतनपुर - कोरबा टोल प्लाजा पार करते हुए कटघोरा से अम्बिकापुर गए थे।

### जेल में बंद लुटेरे से मिला अहम सुराग

लूट की वारदात के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लेकर दो माह पूर्व जबड़ापारा में होटल व्यवसायी लखनलाल देवांगन उर्फ निटी से लूट की कोशिश करने में मध्यप्रदेश अनूपपुर से पकड़े गए गगनदीप बंसल से पहचान कराई। उसने उक्त लूटकांड के फरार अपने साथी विजय लांबा की पहचान की। उसका मोबाइल नम्बर लेकर लोकेशन निकाला गया, तो लोकेशन राजकिशोर नगर में पाया गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस लुटेरों का पीछा करते हुए यूपी गई।

### शातिर लुटेरे विजय लांबा पर 67 मामले दर्ज

पुलिस के अनुसार विजय लांबा अंतरराज्जीय शातिर लुटेरा है। पूर्व में उसके खिलाफ दिल्ली व हरियाणा में हत्या, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास सहित 67 मामले दर्ज हैं। इसी तरह आरोपी मोनू उर्फ राहुल गुडवा के खिलाफ गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश में लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट के 11 मामले दर्ज हैं।

# नकटा बांधा के पास बाघ और बाघिन दोनों के मिले पग मार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाघ और बाघिन के पग मार्क नकटा बांधा के पास मिले हैं, जो शिवतराई बेरियर से पटैता के आसपास ग्रामीण क्षेत्र के अंदर है। इससे अब विभाग के अधिकारी बाघ और बाघिन दोनों के एटीआर के जंगल में वापस जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

पिछले कई दिन से बाघ और बाघिन लगातार कोटा वन परिक्षेत्र और वन विकास निगम के क्षेत्र में घूम रहे हैं। 15 दिन के अंतराल में दोनों ने ग्रामीण एरिया करका, पटैता के आसपास में मवेशियों का शिकार किया है, जिसके पग मार्क भी ग्रामीण एरिया के तालाब में देखे गए हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि जंगल में पानी की कमी होने के कारण दोनों पानी की तलाश में ग्रामीण एरिया में विचरण कर रहे हैं। बाघ और बाघिन के साथ दो शावकों को भी गांव के लोगों ने देखा है। पग मार्क के अलावा ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद वन विकास निगम और कोटा वन परिक्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी लगातार आसपास के सारे गांव में मुनादी कराने के साथ टीम को अलर्ट कर रहे हैं, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो सके। इसके अलावा शाम अंधेरा होने के बाद गांव के लोगों को घर के अंदर रहने की सलाह भी दी जा रही है। गुरुवार की सुबह तक बाघ और बाघिन वन विकास निगम के क्षेत्र पटैता में दिखाई दिए, जिसके बाद उनका मूवमेंट कोटा वन परिक्षेत्र के करका में चला गया। बाघ और बाघिन पर निगरानी रखने के लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व की सहयोग पटैता, करका के आसपास चार से पांच ट्रैप कैमरा भी लगाया गया है, जिसमें बाघ और बाघिन केवल एक के पीछे के हिस्से की तस्वीर ही कैद हो सकी है। इससे बाघ है या बाघिन दोनों की अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं गुरुवार की सुबह नकटा बांधा के पास दो पग मार्क देखने के बाद बाघ और बाघिन दोनों के होने की संभावना जताई गई है। फिलहाल वन विकास निगम के साथ कोटा वन परिक्षेत्र और अचानकमार टाइगर रिजर्व की टीम लगातार बाघ और बाघिन के मूवमेंट को चेक कर रही है।

■ पटैता के आसपास कर रहे विचरण, एटीआर के अंदर जाने की संभावना



### एटीआर बार्डर से जंगल प्रवेश

एटीआर प्रबंधन के अनुसार गुरुवार की सुबह बाघ और बाघिन दोनों के पग मार्क नकटाबांधा के पास दिखाई दिए हैं। एटीआर की एसटीपीएफ के अलावा वन विकास निगम, कोटा वन परिक्षेत्र की टीम लगातार निगरानी कर रही है। ट्रैकर की जानकारी के मुताबिक बाघिन और बाघ दोनों के जो पर्ग मार्क दिखाई दिए हैं वह एटीआर बार्डर के पास हैं। इससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि दोनों संभवतः शाम रात तक जंगल में वापस प्रवेश कर लेंगे।

### नकटा बांधा के पास पगमार्क

बाघ और बाघिन दोनों के पग मार्क के निशान नकटाबांधा के आसपास नजर आए हैं। संभवत: दोनों पानी पीने के लिए वहां पहुंचे होंगे। नकटा बांधा अचानकमार टाइगर रिजर्व एरिया से ही लगा हुआ है। दोनों वहां से जंगल के अंदर वापस हो सकते हैं।

-सत्यदेव शर्मा, डीएफओ, वन विकास निगम

## बिल्हा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ढेका का मामला

# पन्द्रहवें वित्त की राशि का दुरुपयोग, पूर्व सरपंच दो सचिवों समेत कोटवार के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेका में पन्द्रहवें वित्त एवं अन्य मदों की राशि की गड़बड़ी किए जाने के मामले में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निर्देश पर बिल्हा जनपद सीईओ ने पूर्व सरपंच दिनेश मौर्य समेत दो पंचायत सचिव सचिन कौशिक व भानू व विश्वकर्मा एवं कोटवार कमल कश्यप के खिलाफ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिल्हा जनपपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेका में 15 वें वित्त एवं अन्य मदो की राशि में अनियमितता का मामला सामने आया था। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे और बिल्हा जनपद पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। जांच दल द्वारा इस मामले की जांच की गई और प्रतिवेदन में आवेदक एवं संबंधित सरपंच, सचिव एवं अन्य के बयानो में विरोधाभास पाया गया। इस मामले में प्रथम दृष्टया 24 लाख 70 हजार 530 रुपए का दुरुपयोग पाया गया। उक्त कृत्य गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है जिसके लिए ग्राम पंचायत ढेका के पूर्व सरपंच दिनेश मौर्य, ग्राम ढेका के तत्कालीन सचिव सचिन कौशिक, तत्कालीन सचिव धूमा, हरदीकला के भानू विश्वकर्मा एवं ढेका के कोटवार कमल कश्यप को जिम्मेदार पाया गया। इसके फलस्वरूप जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने पुलिस में मामला दर्ज कराने का निर्देश बिल्हा जनपद सीईओ को दिए थे, जिसपर बिल्हा जनपद सीईओ द्वारा गुरुवार को इन चारों के विरूद्ध पुलिस थाना तोरवा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 318,4, 316,5 व 344 एवं 3,5 के तहत मामला दर्ज किया है।


आरोपी।

■ ग्राम ढेका में 24 लाख 70 हजार 530 रुपए शासकीय राशि का दुरुपयोग सामने आया

## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

# हत्या कर लाश नदी में फेंकी, दो गिरफ्तार फोरेसिंक रिपोर्ट से हत्या होने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नदी में मिले युवक की लाश के मामले में फोरेसिंक रिपोर्ट से हत्या होने की पुष्टि की गई। उसके बाद पुलिस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवकों ने मृतक के बैराज में नशे में बैठने पर मोबाइल, पैसा लूटकर उसके साथ मारपीट करते हुए हत्या कर लाश नदी में फेंक दी थी।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, सीपत नरगोड़ा निवासी राजेन्द्र सूर्यवंशी 25 साल अपनी पत्नी के साथ सरकण्डा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर पेंटर का काम कर रहा था। 15 जुलाई 2025 को राजेन्द्र सूर्यवंशी की जूना बिलासपुर पचरीघाट अरपा नदी में लाश मिली थी। फोरेंसिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि राजेन्द्र सूर्यवंशी की पानी में डूबने से मौत नहीं हुई है। उसके बाद पुलिस पचरीघाट में सक्रिय होकर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई। पतासाजी के दौरान टीआई देवेश सिंह राठौर, गोकुल जांगड़े व अन्य को जानकारी मिली। पचरीघाट डोंगाघाट निवासी विकास उर्फ भोले केंवट 20 साल को मोबाइल मिला है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दोस्तों के साथ घूमने जाने पर मोबाइल मिलना बताया। उसके साथी शनि उर्फ छोटू गंधर्व 20 साल को हिरासत में लेकर दोनों से अलग अलग कड़ाई से पूछताछ की गई। काफी मशक्कत के बाद दोनों टूटे और मृतक राजेन्द्र सूर्यवंशी की हत्या कर उसका मोबाइल, 3000 हजार रुपए नकद रकम लूटना स्वीकार कर किया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 1, 309, 6, 3, 5 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।


मृतक। आरोपी।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

14 जुलाई 2025 रविवार को छुट्टी होने पर मृतक सुधार के लिए दिए अपना मोबाइल लेकर जमकर शराब पी। नशे में धुत होकर पचरीघाट बैराज पर बैठा था। इसी दौरान दोनों आरोपी बैराज में शराब पी रहे थे। मृतक को बेसुध देखकर दोनों ने उसकी जेब से मोबाइल व पैसा निकाल लिया। नशे में मृतक ने विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे वह बदहवास हो गया। उसके बाद दोनों मृतक को बैराज के उपर से नीचे नदी में फेंककर अपने अपने घर चले गए थे। दूसरे दिन 15 जुलाई को नदी में मृतक की लाश मिली थी।


We Are
OPEN NOW
कुछ कहानियां शुरू नहीं होती वो चलती आ रही होती है,
रसोईयों से यादों तक जहां स्वाद सिर्फ भूख नहीं मिटाता बल्कि रिश्तों को जोड़ता है,
वक्त बदलता गया शहर बदलते गए पर विरासत कभी नहीं बदली
अब वही विरासत आपके शहर में -
PURE VEG
EST. 1895
C Bhagat Tarachand
Restaurant
C Bhagat Tarachand
C भगत ताराचंद
FINE DINING PARTNERS
7999697747
#MGR
G.M. Arcade, Opposite S.E.C.L. Head Office, Seepat Road, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

## खबर संक्षेप

### चतुर्वेदी ने सर्वोच्च न्यायालय से मध्यस्थता का प्रशिक्षण लिया



बिलासपुर। वर्तमान में प्रगतिशील राष्ट्रों की प्राथमिकताओं में शुमार "मध्यस्थता" जिसे भारत में लागू करने के लिए संसद में "एक्ट 2023"पारित किया जा चुका है। इसके पूर्णतः लागू होने के पश्चात किसी भी न्यायालय में केस दर्ज करने के पूर्व मध्यस्थता की प्रक्रिया से गुजरना आवश्यक होगा। मध्यस्थता की प्रक्रिया की असफलता के बाद ही न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया जा सकेगा। न्यायालयों में प्रशिक्षित मध्यस्थों की उपलब्धता के लिए प्रशिक्षण का कार्यक्रम निरंतर न्यायालयों में आयोजित किया जा रहा है। नगर के उद्योग,व्यवसाय एवं समाज सेवा से जुड़े एसपी चतुर्वेदी ने सर्वोच्च न्यायालय में मध्यस्थया का प्रशिक्षण ग्रहण करने के लिए आवेदन किया। जिसकी स्वीकृति के पश्चात उन्होंने 40 घण्टे का हाइब्रिड प्रशिक्षण पिछले 6 माह में पूर्ण किया।

### रमन विश्वविद्यालय ने दीप्ती को दी पीएचडी की उपाधि



बिलासपुर। डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने दीप्ती मुदलियार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय भिलाई स्टील प्लांट इम्पेक्ट आफ ग्रीन एचआरएम प्रेक्टसेस आन कमिटमेंट आफ इम्पलोयिस इन छत्तीसगढ़ विथ रिफरेन्स टू भिलाई स्टील प्लांट है। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. अर्चना अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूरा किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता साधना मुदलियार एवं पिता शेखर मुदलियार पति विजय मुदलियार को दिया है।

### अंतरराज्यीय गिरोह के पकड़े जाने पर सराफा एसोसिएशन ने जताया आभार

बिलासपुर। सराफा व्यापारी से लूट की इस घटना में संलिप्त अपराधियों को 24 घंटे में पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। इसके लिए सराफा एसोसिएशन आभार व्यक्त करता है। 24 घंटे के अंदर अपने सतर्कता सूझबूझ से पुलिस ने जिस तरीके से दूसरे प्रदेश से अंतर राज्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है यह प्रशंसनीय है। सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने आईजी राम गोपाल गर्ग का धन्यवाद देते हुए कहा कि घटना वाले दिन से लेकर अभी तक आईजी, एसएसपी ने पूरी गंभीरता के साथ काम किया। सराफा एसोसिएशन पीड़ित घायल संतोष तिवारी के पूरे परिवार के साथ खड़ा है और शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना करता हैं।

## पॉलिटिक्स प्लस

### एआईसीसी सचिव ने विधायक देवेन्द्र को दी जन्मदिन की बधाई



बिलासपुर। एआईसीसी सचिव ने भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के भिलाई स्थित निवास पर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर अजीम ख़ान, अनस खोखर, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आदिल आलम खैरानी, हनी जायसवाल, कामरान मेमन, शानू ख़ान, स्वप्निल, शांतनु, शैलेश आदि ने शुभकामनाएं दी।

## एजुकेशन प्लस

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल का जेईई मेन 2026-27 में शानदार प्रदर्शन



बिलासपुर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई ने जेईई मेन सेशन-1 (शैक्षणिक सत्र 2026-27) में एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं बिलासपुर शहर का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष के परिणामों में कक्षा 12 वीं के अनुकर्ष साहू ने 99.4 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की, जबकि नैतिक चंदवानी ने 99.2 पर्सेंटाइल प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की। इसके अतिरिक्त शिवांश चौधरी, शिवम देवांगन एवं प्रांजल दुबे ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल भविष्य में भी विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण प्रदान करते हुए उन्हें उच्चतम उपलब्धियों के लिए प्रेरित करता रहेगा।

वार्षिकोत्सव में विधायक धर्मजीत सिंह व सुशांत शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

# होराइजन के मंच पर प्रतिभाओं का प्रदर्शन



विधायक धर्मजीत सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते अशोक अग्रवाल।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी स्थित न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट में वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक रंगों, सामाजिक संदेशों और विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा से सजा यह समारोह देर शाम तक उत्साह के साथ चलता रहा।

शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्वों को पिरोते हुए वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में छात्र-छात्राओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसने देर शाम तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रखा। मंगलवार को हुए इस समारोह में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह और विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि न्यू का एजेंट इंटर कॉलेज का शिक्षा स्तर काफी उत्कृष्ट है। उन्होंने यहां के विद्यार्थियों में अद्भुत टैलेंट होने की बात कहते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने यहां के विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने कहा। वहीं उत्कृष्ट डॉक्टर बनने और देश की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट चिकित्सक तैयार करने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज के पूरे परिवार को बधाई दी। कॉलेज के डीन डॉ. राणा के.वर्गीस ने संस्थान की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रेसीडेंट प्रकाश दावडा, सेक्रेटरी अशोक अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल सहित पूरी मैनेजमेंट टीम मौजूद रही।

### शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए गए छात्र

समारोह के समापन पर शैक्षणिक एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वाइस डीन डॉ. तुषार तनवानी ने आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट का वार्षिकोत्सव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रतिभा, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का एक अनूठा संगम बनकर उभरा।

### छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

महोत्सव में छात्रों ने स्वागत नृत्य, फैशन शो, डांस फेसऑफ और लाइव बैंड जैसी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मकता ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों को भी प्राथमिकता दी गई। वार्षिकोत्सव से पूर्व छात्रों ने शहर के प्रमुख मॉल्स में फ्लैश मॉब के जरिए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'दहेज प्रथा उन्मूलन' और 'नशा मुक्ति' जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई।

# एम्बिकॉन सम्मेलन में मेटाबॉलिक हार्मोनल विकारों पर राष्ट्रीय मंथन



बिलासपुर। महिलाओं में मेटाबॉलिक व हार्मोनल विकारों के कारण होने वाले शारीरिक व मानसिक बीमारियों के संबंध में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में व्याख्यान आयोजित किया गया। 10 वें एम्बिकॉन छत्तीसगढ़ राज्य सम्मेलन में सिम्स आडिटोरियम में आयोजित इस मंथन कार्यक्रम में सिम्स के डाक्टरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीके पात्रा रहे, उन्होंने कहा कि समय पर जांच, सटीक निदान एवं आधुनिक तकनीकों का समुचित उपयोग ही महिला स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकता है। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में अनुसंधान, नवाचार एवं अंतर्विषयक सहयोग को बढ़ावा देने की बात कही।

प्रथम सत्र में डॉ. नेहा सर्जल ने इंसुलिन रेजिस्टेंस, एडिपोकाइन्स, थायरॉइड–मेटाबॉलिज़्म संबंध, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस तथा माइटोकॉन्ड्रियल डिसफंक्शन जैसे जटिल पहलुओं को सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि हार्मोनल असंतुलन महिलाओं में मोटापा, पीसीओएस एवं मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसी समस्याओं की प्रमुख जड़ है। द्वितीय सत्र में डॉ. विभा साखरे ने "महिलाओं में क्लीनिकल स्पेक्ट्रमः मेडिसिन एवं स्त्रीरोग विभाग का समन्वय" विषय पर विस्तृत बात कही।

पीसीओएस के जैवरासायनिक परिवर्तन, एएमएच एवं इंसुलिन रेजिस्टेंस, गर्भावधि मधुमेह की जांच, थायरॉइड विकारों से उत्पन्न मासिक धर्म असंतुलन तथा रजोनिवृत्ति के बाद एस्ट्रोजन की कमी से बढ़ते हृदय-चयापचय जोखिम की समस्या का कारण बनती है। डॉ. योगेश पावडे ने "एंडोक्राइन विकारों में लैबोरेटरी कोरिलेशन" विषय पर केस-आधारित स्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सटीक एवं प्रभावी निदान के लिए जैवरासायनिक परीक्षणों, इमेजिंग तकनीकों एवं क्लीनिकल मूल्यांकन का समन्वित विश्लेषण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष विश्वविद्याल के कुलपति डॉ. पीके पात्रा रहे। संरक्षक के तौर पर सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिम्स रायपुर के प्रोफेसर डॉ. पीके खोदियार, विशिष्ट अतिथि चिकित्सा अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ. बी.पी. सिंह,विशेष अतिथि डॉ. भूपेंद्र कश्यप, बायोकेमिस्ट्री एचओडी डॉ. मनीष साहू ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके साथ ही डॉ आरती पांडे, डॉ अर्चना सिंह, डॉ रेखा बरापतारे, डॉ सागरिका प्रधान, डॉ जेपी स्वाइन, डॉ एआर बेन, डॉ अमित ठाकुर, डॉ केशव कश्यप, डॉ समीर पैकरा उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य पर गंभीर चुनौती है

महिलाओं में बढ़ते मेटाबॉलिक एवं हार्मोनल विकार स्वास्थ्य की गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इन रोगों की जड़ें जैवरासायनिक एवं आणविक स्तर पर निहित हैं, बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाना समय की आवश्यकता है। सिम्स लगातार ऐसे विषयों पर राष्ट्रीय स्तर की परिचर्चा और मंथन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिससे विशेषज्ञ डाक्टरों को सुनने का मौका मिल रहा है और देश-दुनिया में हो रहे नए शोध की जागरूकता सिम्स के स्टूडेंट और जन समूहों तक पहुंच रही है।

-**डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

# एटीआर की समितियों को सौंपी गई पांच योद्धा की चॉबी



बिलासपुर। अचानकमार टाइगर रिजर्व की समिति के हाथों में पांच नए योद्धा की चॉबी सौंपी गई है, जिससे उनको रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इन पांच गाड़ियों को मिलाकर अब एटीआर में भ्रमण के लिए गाड़ियों की संख्या 11 से बढ़कर 16 पहुंच गई है, जिससे सैलानियों को भ्रमण की सुविधा मिल सकेगी।

एटीआर के कोर और बफर जोन में भ्रमण करने वाले सैलानियों को निजी वाहन लेकर जाने की अनुमति नहीं है। भ्रमण के लिए शिवतराई बेरियर के पास सैलानियों को जिप्सी, योद्ध और बस उपलब्ध कराई जाती है, जिसका संचालन एटीआर प्रबंधन ने गांव की समितियों के हाथों में सौंपकर रखा है। इन वाहनों से भ्रमण कराने पर समिति को साल में चार माह छोड़कर बाकी दिनों में कुछ कमाई के साधन भी उपलब्ध हो जाते हैं। गाड़ियों का परिचालन करने से लेकर भ्रमण कराने वाले सारे गाइड भी समिति के सदस्य हैं, जिनको कोर और बफर जोन के संबंध में सारी जानकारी होती है। एटीआर प्रबंधन ने सैलानियों की सुविधा के लिए पांच नई योद्धा गाड़ियों की शुरुआत गुरुवार से की है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के शिवतराई बैगा रिसार्ट में आगमन के दौरान उनके हाथों से समिति की महिलाओं को गाड़ियों की चॉबी उपलब्ध कराई गई। श्री साव ने शिवतराई पहुंचकर सदा सोहागी महिला स्व सहायता समूह सिवलखार की ओर से संचालित टाइगर केंटीन एवं सोविनियर शॉप का निरीक्षण किया। श्री साव के हाथों वन प्रबंधन सिवलखार, अचानकमार एवं रंजकी द्वारा क्रय किए पांच योद्धा वाहन महारानी का संबंधित समिति के अध्यक्ष को चॉबी सौंपकर शुभारंभ कराया गया। एटीआर के महावत शिवमोहन राजवाड़े को उनके दीर्घकालीन एवं समर्पित योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश ने बताया कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में पांच नई गाड़ियां योद्धा वाहन के शुभारंभ से सैलानी नपए सफारी वाहन का लुत्फ उठा सकेंगे। वहीं सैलानियों की संख्या में वृद्ध से स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

# जनहित और विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : अमर



बिलासपुर। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने गुरुवार को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर जनहित के मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार को टिकरापारा क्षेत्र में अटल वाटिका भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होते हुए श्री अग्रवाल ने सामुदायिक भवन में निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, वार्ड पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। तत्पश्चात उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज में आयोजित "तरंग" कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान दो स्मार्ट बोर्ड का लोकार्पण भी किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। इसके अतिरिक्त, अपने निवास कार्यालय में आयोजित अपनों से मुलाकात कार्यक्रम के दौरान श्री अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और त्वरित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जनहित एवं विकास उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आमजन को शीघ्र राहत दिलाने के लिए सतत प्रयास जारी रहेंगे।

# छग अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रांतीय केंद्रीय प्रबंध समिति हाईकोर्ट में दायर करेगी याचिका



बिलासपुर। छग अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रांतीय केंद्रीय प्रबंध समिति हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्णय लिया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों को महंगाई राहत भुगतान रोक कर रखने एवं विलंम्ब से भुगतान करने संबंधी कनफेडरेशन ऑफ स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज पश्चिम बंगाल एवं अन्य के याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया है कि 3 महीने के अंदर भुगतान की कार्रवाई की जाए। इसके सुपरविजन के लिए पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के सेवानिवृत्ति मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है। समिति कर्मचारियों के रोके गए महंगाई भत्ता एवं पेंशनरों को महंगाई राहत भुगतान के लिए शासन द्वारा की जा रही कार्रवाई पर अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करेगी। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय केंद्रीय प्रबंध समिति के बैठक में निर्णय लिया है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश पूरे देश के राज्य सरकारों पर भी लागू होता है। संगठनों की मांग पर राज्य शासन द्वारा इस निर्णय का क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू करने के लिए छग उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। याचिका में राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) का दुरुपयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा पेंशनरों को महंगाई राहत भुगतान के पहले मध्यप्रदेश शासन से सहमति लेने की नियम विरुद्ध प्रक्रिया को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी। बैठक में जांजगीर में द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन कराने, जिसमें संगठन के नियमावली में संशोधन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव , आर पी सिंह, राजकुमार मिश्रा, सुहास चिपड़े, उमेश मुदलियार, विजय कुमार झा,एम पी राठौर, जी एस उपाध्याय, केपी सिंह, राजकुमार महानदीय, एमके यादव, आरके वर्मा, राजेंद्र कुमार उमाठे, सीएल दुबे, बीपी कुरील, विश्वनाथ ध्रुव, जीएस यादव, बेनीराम गायकवाड,पीके राही आदि मौजूद थे।

# हाथियों को सेटेलाइट कॉलर लगाने की आवश्यकता

बिलासपुर। मानव हाथी द्वंद नियंत्रण पर आयोजित की गई राज्य स्तरीय कार्यशाला में हाथियों को सेटेलाइट कॉलर लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि वैज्ञानिक अध्ययन और बेहतर प्रबंधन में सहायोग मिल सके। इसके अलावा कार्यशाला में शामिल हुए अन्य जिलों के अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव भी दिए।

■ राज्य स्तरीय कार्यशाला

वन चेतना केन्द्र में वन एवं जल वायु परिवर्तन विभाग और अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन के तत्वावधान में मानव हाथी द्वंद को नियंत्रित करने एवं इसे वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने स्वयं को वन परिवार से जुड़ने की जानकारी देते हुए वन एवं वन्यप्राणियों को क्षति पहुंचाने वाले अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे वनों एवं वन्यप्राणियों का प्रभावी संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी अरूण पाण्डेय ने मानव हाथी द्वंद को नियंत्रित करने जमीनी स्तर के कर्मचारियों से प्राप्त सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके अनुभवों के आधार पर प्रभावी रणनीति विकसित करने पर जोर दिया। कटघोरा के वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने सजग ऐप के माध्यम से हाथियों की ट्रैकिंग एवं निगरानी की प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।







## खबर संक्षेप

### जिला मिशन समन्वयक पद पर सोनी की नियुक्ति



**मुंगेली।** व्याख्याता ई संवर्ग के अशोक सोनी को शासन द्वारा प्रतिनियुक्ति पर जिला मिशन समन्वयक पद पर पदस्थ किया गया है। उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण अवसर पर विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व वे कलेक्टोरेट में अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं और दायित्वों का सफल निर्वहन किया है। अशोक सोनी ने कहा कि, वे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे तथा जिला स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

### तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ आज

**लगरा।** ग्राम पंचायत लगरा में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ शुक्रवार 20 फरवरी से होगा। मेले का आयोजन खारंग नदी किनारे स्थित श्रीराम जानकी परिसर मंदिर प्रांगण में विगत 30 वर्षों से होता आ रहा है। मेले में लगभग सभी तरह की दुकान लगी रहती हैं। लगरा से लगा हुआ आसपास के ग्रामवासी मेला पहुंच कर मंदिर में स्थित भगवान श्रीरामचंद्र जी के दरबार की अर्चना-पूजा करते हुए आशीर्वाद लेते हैं। इसके बाद मेले का लुफ्त उठाते हैं। इस दौरान मेले में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## निधन

### भूपेन्द्र सिंह टिब



**बिलासपुर।** मुंगेली नाका रोड निवासी भूपेंद्र सिंह टिब का 19 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनिंदर सिंह टिब, गुरविंदर सिंह टिब के चाचा एवं सपनदीप सिंह टिब, तुषार सिंह टिब, गगनदीप सिंह टिब के दादा थे।

### लता रानी वर्मा



**बिलासपुर।** चड्डा बाड़ी, नेहरू नगर निवासी लता रानी वर्मा का 19 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 फरवरी को दोपहर 2 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे भारत भूषण वर्मा की पत्नी थीं।

### होलाराम मलकानी

**बिलासपुर।** चटर्जी गली सरकंडा निवासी होलाराम मलकानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास चटर्जी गली से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अजय, सुरेश, नरेश एवं मनोज मलकानी के पिता थे।

## मुंगेली जिले के 18 हजार 881 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# बोर्ड परीक्षाएं आज से, तैयारियां पूरी



परीक्षा के लिए तैयार स्कूल।

**मुंगेली/लोरमी।** जिले में 20 फरवरी से शुरू होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा संचालन को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए सुरक्षा, निगरानी और व्यवस्थाओं को सख्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकेंडरी 12वीं परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित होगी, जबकि हाईस्कूल 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक चलेगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित समय पर आयोजित की जाएंगी। जिले में 66 परीक्षा केंद्र तैयार- जिले में मंडल परीक्षा के लिए कुल 66 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 60 शासकीय और 6 अशासकीय संस्थाएं शामिल हैं। परीक्षा संचालन के लिए केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है। जिला शिक्षा अधिकार एलपी डाहिरे स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं और केंद्रों पर पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। परीक्षार्थियों के लिए स्तर मुंगेली विकासखंड में 25, लोरमी में 23 एवं पथरिया ब्लाक में 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। शैक्षणिक सत्र 2026 में जिले से कक्षा 10वीं के नियमित परीक्षार्थी 10 हजार 974 और कक्षा 12वीं क नियमित परीक्षाथी 7 हजार 542 कुल नियमित परीक्षाथी 18 हजार 516 बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। इसी तरह से स्वाध्यायी परीक्षार्थी 10वीं में 203 एवं 12वीं में स्वाध्यायी परीक्षार्थी 162 कुल 365 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। इस तरह जिले में कुल 18 हजार 881 नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### परीक्षा केंद्रों में सुनिश्चित की गईं व्यवस्थाएं



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो रही हैं, जिसके लिए नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कन्या उमा विद्यालय एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा शुरुआत हायर सेकेंडरी की भौतिक एवं भूगोल विषय की परीक्षा से होगी।परीक्षा केंद्र में समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि, परीक्षार्थियों के लिए सुव्यवस्थित बैठक व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा को संचालित करने के लिए प्राचार्य नरेंद्र राजपूत, बलिराम सूर्यवंशी, गिरधारी वैष्णव, मिनाज खान, रश्मि मिश्रा संहित अन्य जुटे हुए हैं।

### दगोरी स्कूल में 320 बच्चे देंगे परीक्षा

**दगोरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 2025,26 सत्र की बोर्ड की दसवीं,बारहवीं परीक्षा आज से शासकीय उच्चतर विद्यालय प्रांगण में आयोजित होगी। दसवीं में 211तथा बारहवीं में 109 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। दगोरी के साथ ही गोढी,मूरकुटा के हाई स्कूल के परीक्षार्थी भी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे।प्रशासन द्वारा शांति पूर्वक परीक्षा आयोजन हेतु सभी तैयारी के साथ ही पुलिस की उपस्तिथि यहां रहेगी। केंद्राध्यक्ष भटचौरा शाला के प्राचार्य मनोज सन्नाडया बनाए गए हैं।सहायक केंद्राध्यक्ष विवेक तिवारी तथा दीपक दुबे रहेंगे।

### 26 परीक्षा केंद्रों में होंगी परीक्षाएं

**मस्तूरी।** विकासखंड में क्षेत्र के 26 विभिन्न स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाए गए है।



शुक्रवार 20 फरवरी से कक्षा बारहवीं की परीक्षा प्रारम्भ होगी और 21 फरवरी से कक्षा दसवीं की परीक्षाएं शुरू होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार मस्तूरी क्षेत्र के लिए अलग अलग तीन उड़नदस्ता टीमें बनाई गई हैं, जिसमे बीईओ शिवराम टंडन, तहसीलदार चांदनी ध्रुव और सीईओ जेआर भगत नेतृत्वकर्ता होंगे।

## चार ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 25 लाख की घोषणा

# डिप्टी सीएम ने जनचौपाल में किया लोगों से संवाद

**लोरमी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक अरुण साव ने गुरुवार को वनग्राम अचानकमार में जनचौपाल लगाकर 8 ग्राम पंचायतों के परिवारों से सार्थक संवाद किया। इस दौरान उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुनकर उसका समाधान किया। वहीं कुछ आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

श्री साव ने टाइगर रिजर्व में पर्यटन के लिए समूह को पांच जिप्सी प्रदान की तथा चार ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री अरुण साव तीन दिवसीय असम दौरा समाप्त कर सीधे रायपुर एयरपोर्ट से वनग्राम अचानकमार पहुंचे। यहां क्षेत्र की बैगा आदिवासियों निवासरत सियान, युवा और स्थानीय निर्वाचित जन प्रतिनिधियों सभी एक स्थान पर एकत्रित हुए थे। इस दौरान श्री साव ने गांव की माताओं बहनों के बीच सरकार की योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने जनचौपाल में लोगों की मूलभूत संबंधी समस्याओं को सुना और इन समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस मौके पर अरुण साव ने कहा, जनचौपाल लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने और सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने का एक अच्छा माध्यम है। जनचौपाल में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिला पंचायत सभापति रत्ना काटले, गुरमीत सलूजा, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह ठाकुर, संदीप सोनी, धनीराम यादव, प्रदीप मिश्रा, संदीप सोनी, विश्वास दुबे, सरपंच मीनादेवी अनंत, जनपद सदस्य सरस्वती मरावी, दिनेश साहू, संतोष साहू, घनेंद्र राजपूत, गयाराम साकत, डीएफओ यूआर गणेश, एसडीएम अजीत पुजारी सहित जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**पर्यटन के लिए उपलब्ध कराई गई 5 जिप्सी-** जनचौपाल में श्री साव ने अचानकमार टाइगर रिजर्व की ओर से पांच जिप्सी वाहन स्वयं सहायता समूह को पर्यटन के लिए उपलब्ध कराया। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से टॉर्च का वितरण किया गया। उन्होंने अचानकमार में नवनिर्मित लोकमंच का ग्रामीणों के साथ लोकार्पण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वनकर्मी का सम्मान किया गया।



### विभिन्न वनग्रामों को सौगात

जनचौपाल में वनग्राम अचानकमार, छपरवा, लमनी, बिंद्रावर, कटामी, दानवखार, सिवलखार, टिलई डबरा, सारसडोल, बम्हनी, रंजकी सहित विभिन्न ग्रामों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री साव ने लमनी, कटामी, छपरवा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए और अचानकमार के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की है।

## भैरव बाबा मंदिर परिसर में सामूहिक उपनयन संस्कार





**बिलासपुर।** धर्म नगरी रतनपुर में भैरव बाबा के श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर परिसर में गुरुवार को 25 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए बटुकों ने विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश किया और वैदिक परंपराओं का पालन किया।

मंदिर के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि, उपनयन संस्कार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह बच्चों के जीवन में धार्मिक, सामाजिक और नैतिक शिक्षा का पहला कदम है। इसके माध्यम से बच्चे गुरु-शिष्य परंपरा, ब्रह्मचर्य और वैदिक ज्ञान से परिचित होते हैं और धैर्य, अनुशासन एवं आत्मसंयम सीखते हैं। इस संस्कार से बच्चों में समाज और धर्म के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित होता है। पंडित अवस्थी ने यह भी बताया कि, इसी श्रृंखला में शुक्रवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजेंद्र दुबे रहे, जबकि वैदिक कर्मकांड में दिलीप दुबे, कान्हा तिवारी, महेश्वर पांडेय, दीपक अवस्थी, रवि शंकर और राजेंद्र तिवारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने बटुकों को संस्कार संपन्न होने पर आशीर्वाद दिया।

## श्रम पंजीयन में ई-केवाईसी अनिवार्य

**मुंगेली।** श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए श्रम पंजीयन में ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि, श्रमायुक्त कार्यालय के जारी निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत सभी निर्माण, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपने पंजीयन का ई-केवाईसी पूर्ण करना आवश्यक होगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार विभाग की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में दिया जा रहा है। योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र श्रमिकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे, इसके लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया लागू की गई है। श्रम विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड डाटा का श्रमिक पंजीयन डाटा से मिलान किया जा रहा है, ताकि हितग्राहियों की पहचान की पुष्टि की जा सके। सत्यापन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। जिन श्रमिकों के आधार एवं राशन कार्ड विवरण में समानता पाई जाएगी, उनका सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जहां नाम या अन्य विवरण में आंशिक भिन्नता पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन एवं आवश्यक सुधार किया जाएगा।

## ट्रांसफार्मर लगने से लोगों को मिलेगी राहत

**मल्हार।** नगर के वार्ड 12 के रहवासियों को अब नए बिजली ट्रांसफार्मर लगने से राहत मिलेगी। दरअसल इस वार्ड के रहवासी खराब बिजली व्यवस्था से खासे परेशान थे। वार्ड में छात्रावास के पास वाले ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई होती थी, और अत्यधिक लोड होने की वजह से बार बार लो वोल्टेज की समस्या होती थी। वार्ड के लोगों को गुरुवार से राहत महसूस हुई, जब बिजली विभाग ने मंगल भवन के पास नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली सप्लाई शुरू की। इस मौके पर पार्षद सपना मिथुन यादव ने मोहल्लेवासियों व बिजली विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर की शुरुआत की।

### कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 530, मूल आबंटी स्व श्री प्रकाश चंद्र तंबोली पिता श्री कौशल प्रसाद तंबोली, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 30.03.2006 को पंजीकृत किया गया हैं। मूल आबंटी श्री प्रकाश चंद्र तंबोली के मृत्यु दिनांक 10.02.2024 को हो गयी हैं, मृत्यु उपरांत मूल आबंटी के पत्नी श्रीमती निर्मला तंबोली अपने नाम पर नामांतरित करना चाहती है। नामांतरण अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

### PUBLIC NOTICE
### DOCUMENT MISSING INFORMATION

On Behalf of my Client Mr. Ashit Verms, S/o A.K. Verma aged about 35 years, occupation Business, R/o H.No.-2 Saroj Vihar Bahatari Bilaspur (C.G.)

I have Given this information for all concerning person, Bank Finance company and other orgnigation. That my above Client his property sale deed Excuted between my client and Sri K. Maheswara Reddy dated on 15.07.2013 Document No.-3218/2013 in office of sub-registrar Shamshabad A.P., has misplaced in my Client house and could not be find keenly searching. So I have given this public notice.

**kindly take this information**

Date-19-02-2026
Bilaspur (C.G.)

**FARID KHAN**
**Advocate**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.
**सूचना**

क्रमांक / /सीमांकन/ रा.नि./2026
दिनांक 30/01/2026

आवेदिका :- श्रीमती सीमा गुप्ता आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. ज्यूडिक 2. स्मिता शाह अन्य सर्व संबंधित

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र../तह./ना.तह./वा./2026 बिलासपुर दिनांक 13/11/2025

ग्राम परसदा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 972 रकबा 0.405 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका सीमा गुप्ता पि./प. विजय गुप्ता निवासी... जिला-बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24/2/2026 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप:- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक - सिरगिटटी**
**तहसील व जिला-बिलासपुर**

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:** जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं. 00029 मोपका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक:-CT2025264 00107300227

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं.00029 के अंतर्गत ग्राम मोपका के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार साहू पिता /पति-सोनाऊराम साहू पता-सा भाठापारा मोपका थाना सरकंडा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 2459/53 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पूजा साहू प्रिया साहू पल्लवी साहू दीपेश पिता स्व.रामकुमार सरस्वती साहू बेवा पिता/पति-स्व.रामकुमार साहू पता-मोपका के नाम पर पंजीयन /फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12/03/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला- बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति/स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/02/26 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार तहसील बिलासपुर**

### CAVEAT NOTICE

**BE IT BE KNOWN TO** the public at large that The state government has published the Chhattisgarh School Education Services (Educational and Administrative Cadre) Recruitment and Promotion Rules 2026 (hereinafter referred to as **'The Rules 2026')** vide gazette notification dated 13.02.2026 repealing the previous recruitment and promotion rules for the post of Block Education Officer. The caveators are Assistant Block Education Officers who have a right to be considered for promotion to the post of Block Education Officer and Assistant Director (Administration) as per **Schedule II, Entry 18 of the said Rules 2026**. In case any person intends to challenge the legality, validity and vires of the said Schedule II, Entry 18 of the said Rules 2026, let a copy of the petition be served on the counsel for the caveators on the address given below before filing any writ petition/application before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh.

**Amrito Das**
**Advocate**
4th Floor, B. R. Gwalani Chamber
Vyapaar Vihar Road, Behind Gumber Petrol Pump
Bilaspur, District Bilaspur Chhattisgarh

### न्यायालय तृतीय जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
**// ईश्तहार//**

संजय जोशी... वादी
**बनाम**
श्री दिनेश शर्मा... प्रतिवादी
व्य. वाद क्र. ए/13/2022,
आदेश दिनांक 11.02.2026
पेशी तारीख: 12/03/2026, प्रो.क्र. 50

प्रति,
1. गायत्री शर्मा पति स्व. दिनेश शर्मा 2. आशीष शर्मा पिता स्व. दिनेश शर्मा 3. श्वेता शर्मा पिता स्व. दिनेश शर्मा 4. अजय शर्मा पिता स्व. दिनेश शर्मा सभी निवासी-नया सरकण्डा बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादी के द्वारा स्व. दिनेश शर्मा के निधन के उपरांत विधिक उत्तराधिकारी के रूप में आप लोगों का नाम जोड़े जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 12/03/2026 को नियत है। आपको इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनॉक 12/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें, जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले को एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनॉक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो, तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी, अस्तु सूचित हो।

आज दिनॉक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय को मोहर लगाकर जारी किया गया।

**न्यायालय तृतीय जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर
**सीमांकन सूचना / स्थल जाँच**

प्रति,
1. मनोज सिंह राठौर पिता देवेन्द्र सिंह 2. गोदावरी बाई/ सुरेश कौशिक 3. विश्वनाथ पिता रूपराम 4. शिला पाण्डेय पिता प्रमोद 5. कुमार राठौर 6. निशा राजपूत पति शंकर सिंह 7. रामचरण यादव 8. पुष्पा मिश्रा।

**विषय:-**सीमांकन/ स्थल जाँच में उपस्थित रहने बाबत।

**संदर्भ:-** न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना.तह.के ज्ञापन दिनांक 4/12/ 2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उस्लापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा नं. 296/3 रकबा 0.061 हे.एकड़/हेक्टेयर भूमि स्वामी मनोज सिंह राठौर पिता/पति देवेन्द्र सिंह राठौर निवासी पेण्ड्रा के द्वारा सीमांकन /स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 24/02/2026 को समय 11:00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अत:आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत:सूचना जानें।

**टिप:**-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सकरी**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती श्रेया बोस चन्द्रा पति डॉ. शौभिक चन्द्रा ने विक्रेता सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा पिता श्री रामपाल कुशवाहा निवासी-कछवाहा गली, न्यू सरकण्डा, बिलासपुर (छ०ग०) से उनके अकेले नाम के स्वामित्व व कब्जे की जमीन डायवर्सनशुदा व उस पर निर्मित कॉलम युक्त ग्राउंड फ्लोर दुकान फ्लोर लेवल से 11 फुट उंचाई तक क्रेता का अधिकार रहेगा, जिसकी आर.सी.सी छत की उपरी सतह पर क्रेता का अधिकार नही रहेगा, मौजा सरकण्डा, प०ह०न० 32/24, रा०नि०म० बिलासपुर, अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ०ग०) वार्ड नं 61 देवकी नंदन दीक्षित में ब्लाक/शीट नं 21/2 भूखण्ड क्र. 320/3 में से, खसरा नं 1118/1 में से, क्षेत्रफल 350 वर्गफुट दुकान जो कि डॉ. प्रवीण कालविट नर्सिंग होम के बगल में सुभाष चौक के पास स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा एडवांस राशि अदा कर दी है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री करायी जावेगी।

इसलिए सर्वसाधारण एवं आम जनता, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सौदे के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें, अन्यथा समय पश्चात की गयी आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 19.02.2026

**भवदीय**
**आलोक कुमार गुप्ता (अधिवक्ता)**
**पता-मेन रोड तिलक नगर, बिलासपुर (छ०ग०)**
**मो नं 98271-83955**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती श्रेया बोस चन्द्रा पति डॉ. शौभिक चन्द्रा ने विक्रेता विक्रम सिंह कुशवाहा पिता श्री सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा निवासी-कछवाहा गली, न्यू सरकण्डा, बिलासपुर (छ०ग०) से उनके अकेले नाम के स्वामित्व व कब्जे की जमीन डायवर्सनशुदा व उस पर निर्मित कॉलम युक्त ग्राउंड फ्लोर दुकान फ्लोर लेवल से 11 फुट उंचाई तक क्रेता का अधिकार रहेगा, जिसकी आर.सी.सी छत की उपरी सतह पर क्रेता का अधिकार नही रहेगा, मौजा सरकण्डा, प०ह०न० 32/24, रा०नि०म० बिलासपुर, अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ०ग०) वार्ड नं 61 देवकी नंदन दीक्षित में ब्लाक / शीट नं 21/2 भूखण्ड क्र. 320/3 में से, खसरा नं 1118/19 में से, क्षेत्रफल 883.5 वर्गफुट दुकान जो कि डॉ. प्रवीण कालविट नर्सिंग होम के बगल में सुभाष चौक के पास स्थित है को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा एडवांस राशि अदा कर दी है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री करायी जावेगी।

इसलिए सर्वसाधारण एवं आम जनता, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सौदे के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें, अन्यथा समय पश्चात की गयी आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 19.02.2026

**भवदीय**
**आलोक कुमार गुप्ता (अधिवक्ता)**
**पता-मेन रोड तिलक नगर, बिलासपुर (छ०ग०)**
**मो नं 98271-83955**

### आम सूचना

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार नेमिन बाई कुर्रे उम्र 37 वर्ष पति श्री राधेश्याम कुर्रे निवासी सतनाम नगर अमेरी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. ने अपने हक स्वामित्व व कब्जे की भूमि मौजा घुरु प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी वि.खं. बिलासपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 510/4 रकबा 872 वर्गफूट एवं 510/8 रकबा 1090 वर्गफूट इस प्रकार उक्त दोनों खसरा नं. की कुल भूमि 1962 वर्गफूट में से रकबा 981 वर्गफूट को विक्रय करने का करार श्री चन्द्रभान बघेल उम्र 38 वर्ष पिता स्व. दुखीराम बघेल निवासी ग्राम फूलझर पोस्ट फूलवारी तह. लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. को 17,50,000 रु. में विक्रय करने का किया है। इकरारनामा मेरे पक्षकार एवं चन्द्रभान बघेल के बीच में दिनांक 24/12/24 को विधिवत निष्पादित किया गया था, किन्तु उक्त दिनांक के पश्चात इकरारनामे में पंजीयन हेतु दिये गये समय 3 माह बीत जाने के पश्चात 1 वर्ष 49 दिन बीत जाने के पश्चात भी चन्द्रभान बघेल ने आज पर्यन्त उक्त भूमि का पंजीयन नहीं कराया है। चूँकि मेरी पक्षकार ने उक्त भूमि को बैंक में बंधक रखा है।

चन्द्रभान बघेल को मेरी पक्षकार ने उक्त तथ्यों की जानकारी पूर्व में दे चुकी थी, किन्तु चन्द्रभान बघेल ने इकरारनामा निष्पादित करते समय उक्त तथ्यों को छोड़ दिया था। चन्द्रभान बघेल इकरारनामा से बाहर बातें करते है जो मेरी पक्षकार के द्वारा भेजे गये व्हाट्सएप मैसेज से जाहिर होता है। चन्द्रभान बघेल उपरोक्त आधार पर समय सीमा खो चुके हैं।

अत: चन्द्रभान बघेल तथा मेरी पक्षकार के बीच निष्पादित इकरारनामा दिनांक 24/12/24 मेरी पक्षकार की ओर से शून्य प्रभावहीन व निरस्त घोषित किया जाता है।

सूचना से अवगत हो।

बिलासपुर
दिनांक- 19.02.2026

**भवदीय**
**आर.डी. शर्मा (अधिवक्ता)**
**आनंद नगर उस्लापुर**
**पो.-मंगला जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9300320585**

### न्यायालय श्रीमान आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी-आदित्य जोशी)

ई.सी.प्र.क्र.-89/2023
आदेश दिनांक-15/11/2025
पेशी तारीख -09/03/2026
प्रोसेस क्रमांक- 111/29/01/2026

कुशाल पटेल वगैरह ...........आवेदकगण

**विरुद्ध**

रवि अग्रवाल वगैरह..........अनावेदकगण

रवि अग्रवाल पिता मदन अग्रवाल (ठेकेदार) निवासी-सरजू बगीचा तेलीपारा बिलासपुर, थाना सिटी कोतवाली, जिला बिलासपुर (छ.ग.) .......अनावेदक क्र. 01

आप के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदकगण के द्वारा ई.सी.प्र.क्र.-89/2023 का प्रस्तुत किया गया है जिसकी आगामी पेशी तिथि 09/03/2026 है आपको इस न्यायालय में दिनांक 09/01/2026 को समय 11:00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं / रीडर या अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात / उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस आवेदन से सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिये तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

इस समंस/नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं हो सकेगें तो आपके विरूद्ध उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये दावा का निपटारा आपके अनुपस्थित में किया जायेगा। यदि न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 09/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)
निांक 29/01/2026

**(आदित्य जोशी)**
**न्यायालय श्रीमान आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम श्रम न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26
ग्राम भीमपुरी तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखेश्वर प्रसाद गुप्ता पिता सत्यनारायण गुप्ता जाति गुप्ता निवासी ग्राम भीमपुरी प.ह.नं. 02 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री अंजली पुत्री लखेश्वर प्रसाद गुप्ता के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 23/02/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/02/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**// ईश्तहार//**

ग्राम- बोड़सरा, तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बोड़सरा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार पिता स्व. सेवकराम निवासी ग्राम बोड़सरा, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बोडसरा, प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अमसेना जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बोडसरा प.ह.न. 37 स्थित भूमि ख.न. 1036 रकबा 0.429 हे. है। उक्त भूमि में त्रुटिवश अनावेदकगण का नाम दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु धारा 115 के अतर्गत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10.03.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.02.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

### न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

प्रमिला महिलांगे+1 अन्य........डिक्रीदारगण
//विरूद्ध//
पंचराम सूर्यवंशी वगैरह....निर्णित ऋणीगण
निष्पादन प्र.क्र. 36/2025, पेशी ता. 25.02.2026
आदेश दिनांक 06.02.2026 प्रोसेस क्र...
**//समंस//**

राजू लोहिया पिता स्व. जे.आर. लोहिया उम्र 53 वर्ष निवासी-जरहाभाठा वार्ड नं. 12 मदर टेरेसा वार्ड बिलासपुर मोहल्ला कुम्हारपारा जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.....निर्णित ऋणीगण क्र. 02

डिक्रीदारगण ने निर्णित ऋणीगण के विरूद्ध एक निष्पादन प्रकरण पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 25.02.2026 को नियत है। निर्णित ऋणीगण क्र. 02 को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 25.02.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 25.02.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 17/02/2026 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक- 17/02/2026 स्थान-बिलासपुर

**कु.सुरभि धनगढ़**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.
**सूचना**

क्रमांक / /सीमांकन/ रा.नि./2026
दिनांक 30/01/2026

आवेदिका :- श्रीमती सीमा गुप्ता आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. धनीराम अन्य सर्व संबंधित

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र../तह./ना.तह./वा./2026 बिलासपुर दिनांक 17/01/2025

ग्राम परसदा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. सिरगिटटी तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 329/36 रकबा 0.109 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका सीमा गुप्ता पि./प. विजय गुप्ता निवासी... जिला-बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24/2/2026 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप:- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक - सिरगिटटी**
**तहसील व जिला-बिलासपुर**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## महोत्सव विरासत में होगा तबला वादन, कथक नृत्य

**देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में कल से होगा आगाज**



**बिलासपुर।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत की समृद्ध परंपरा को समर्पित दो दिवसीय अखिल भारतीय महोत्सव विरासत 2026 का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को सायं 6 बजे से देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में किया जाएगा। यह आयोजन स्व. पं. फिरतु महाराज नृत्याचार्य रायगढ़ घराना की स्मृति में कला विकास केन्द्र, बिलासपुर द्वारा किया जा रहा है।

सांस्कृतिक संध्या के प्रथम दिवस 21 फरवरी को सरस्वती वंदना विश्ववेद संगीत महाविद्यालय द्वारा पेश किया जाएगा। मास्टर आरव भुरंगी स्वतंत्र तबला वादन करेंगे। देश के विख्यात कला साधक ज्योतिश्री बोहिदार वैष्णव, चिरंजीवी हलधर, सृष्टि गर्ग, ओजस्विता रायल, चित्रांशी पर्णिकार, निहारिका यादव द्वारा समूह कथक नृत्य "ऋतु श्रृंगार", द्वितीय दिवस 22 फरवरी को गोस्वामी म्यूजिक क्लासेस द्वारा सरस्वती वंदना, मास्टर शरद वैष्णव के निर्देशन में श्री वैष्णव संगीत महाविद्यालय द्वारा समूह कथक नृत्य रायगढ़ घराना की मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यशाला

## वैश्विक स्तर पर लोग हिन्दी सीखने में दिखा रहे रूचि



**एसईसीएल इंदिरा विहार में कार्यशाला**

**बिलासपुर।** एसईसीएल इंदिरा विहार सरकंडा के मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट बिलासपुर में आयोजित हिन्दी राजभाषा कार्यशाला में लेखक, समीक्षक व द फिल्म फाउंडेशन ट्रस्ट के नेशनल वाइस प्रेसीडेंट डॉ. संजय अनंत का व्याख्यान हुआ। उन्होंने वैश्विक स्तर पर हिन्दी की भूमिका विषय पर बोलते हुए कहा कि अब लोग वैश्विक स्तर पर हिन्दी सीखने में रुचि दिखा रहे हैं। डॉ अनंत ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है, इसलिए हिन्दी भी अब इस वैश्वीकरण युग में अधिक प्रभावशाली हो गई है। भारत के स्वर्णिम युग के साथ ही हिन्दी का भी स्वर्णिम युग आ रहा है। इस दौरान वीडियो संदेश के माध्यम से मॉरीशस, सूरीनाम और सिंगापुर के हिन्दी विद्वानों के विचार सुनने का भी अवसर मिला। ज्ञात हो कि वैश्विक हिन्दी और प्रवासी साहित्य में डॉ अनंत की पुस्तकें व शोध आलेख प्रकाशित हो चुके हैं।

कार्यकारिणी

## माहेश्वरी महिला मंडल जिला इकाई की अंजना अध्यक्ष, सुधा सचिव मनोनीत



**कार्यक्रमों की रूपरेखा बना कर करेंगी क्रियान्वयन**

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला मंडल जिला बिलासपुर से आगामी 3 वर्षों के लिए बिलासपुर शहर से अध्यक्ष अंजना भूतड़ा व सचिव पद के लिए सुधा मर्दा को मनोनीत किया गया है। भाटापारा से अध्यक्ष सोमा भट्टड़ व सचिव वृंदा भट्टड़ के साथ प्रादेशिक संयुक्त सचिव शोभा डागा व कोरबा से अलका माहेश्वरी ने मनोनीत पदाधिकारी को पद सौंपने की औपचारिकता पूर्ण की। बिलासपुर जिले में बिलासपुर, भाटापारा, नैला, चांपा, कुनकुरी, तिल्दा, जांजगीर, कोरबा, बलौदा बाजार सहित 10 शहर समाहित है। इस मौके पर बिलासपुर महिला मंडल से अध्यक्ष नीलम डागा, सचिव पूजा टावरी, कोषाध्यक्ष नीला मालपानी व संरक्षक सदस्य सरोज राठी उपस्थित रही। मनोनीत सदस्यों ने बताया कि बिलासपुर जिले के सभी 10 शहरों के स्थानीय महिला मंडल के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाना, उसे क्रियान्वयन करना होगा।

कार्यक्रम

## शिविर से ग्रामीणों में बढ़ी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता



**बिलासपुर।** पी.एन.एस. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बहतराई में लगाया गया है। इसमें बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका लाभ 263 मरीजों ने प्राप्त किया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी मोना केंवट एवं प्राचार्य डॉ. एसके. शर्मा के दिशा-निर्देश में चल रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम सरपंच सुनीता साहू ने किया। शिविर में डॉ यशपाल सिंह ध्रुव, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखा पेण्ड्रो बहतराई, डॉ. निकिता जैन गनियारी, डॉ. सृष्टि शुक्ला काठाकोनी, फर्मासिस्ट सहयोगी स्टाफ नरेंद्र कोरी, किशुन ध्रुव, पुन्नीलाल बिंझवार, मंजू बंजारे एवं कलमणि चंद्रा ने मरीजों की बीपी एवं शुगर की जांच की।

### इनका रहा सहयोग

स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में ग्रामीण क्षेत्र में शा प्रा. कन्या शाला बहतराई के प्रधान पाठक राजेंद्र विश्वकर्मा, समूह की महिलाएं चम्पा कौशिक, द्रौपदी भोसले, स्वयंसेवक हरेंद्र, वीरेंद्र, मनीष, अविनाश, वैभव, सुरेश, परितोष, अंजलि ध्रुव, दीपिका, उमा, बिंदु, प्रगति, हर्षा, अंजलि, माधवी का सहयोग रहा।

# एनवीडिया पवेलियन तक पहुंची बिलासपुर की प्रतिभा, दिल्ली एआई एक्सपो में युवा इंजीनियर की कंपनी को मिला मंच




*बिलासपुर। तकनीक के वैश्विक मंच पर बिलासपुर की प्रतिभा ने मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। शहर के युवा कंप्यूटर इंजीनियर देवांश घटक की सह-स्थापित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी सिम्पली स्मार्ट को राजधानी दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित एआई एक्सपो में एनवीडिया पवेलियन में प्रमुख स्थान मिला है। इसे बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी तकनीकी उपलब्धि माना जा सकता है। शहर के युवा कम्प्यूटर इंजीनियर देवांश घटक ने वर्ष 2022 में अपने सहयोगी अमृतांशु जैन के साथ मिलकर एआई आधारित सॉफ्टवेयर कंपनी की स्थापना की थी। कम समय में ही कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।*



### तेज़ तकनीक से मिली वैश्विक पहचान

कंपनी द्वारा विकसित एआई इंफेरेंस एवं एमएलओप्स प्लेटफॉर्म हाई-स्पीड प्रोसेसिंग और बेहतर दक्षता के कारण उद्योग जगत में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। तकनीकी क्षमता को देखते हुए एनवीडिया जैसे वैश्विक टेक दिग्गज ने कंपनी को अपने एक्सपो पवेलियन में स्थान देकर विशेष मान्यता दी।

### देश की बड़ी कंपनियां कर रहीं उपयोग

कंपनी के एआई समाधान का उपयोग देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां कर रही हैं। उच्च स्पीड और स्केलेबिलिटी के कारण यह प्लेटफॉर्म भारतीय एआई इकोसिस्टम में तेजी से अपनी जगह बना रहा है।

### बिलासपुर के युवाओं के लिए प्रेरणा

देवांश घटक शहर के आर्किटेक्ट देबाशीष घटक एवं मीता घटक के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता ने साबित किया है कि छोटे शहरों से निकलकर भी युवा वैश्विक टेक्नोलॉजी उद्योग में बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में भारतीय एआई स्टार्टअप्स विश्व तकनीकी बाजार में निर्णायक भूमिका निभाएंगे और सिम्पलीस्मार्ट जैसी कंपनियां इस बदलाव मैं महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी।




# दुनिया के साथ चलने में आज का युवा अपने आप को सशक्त बना रहा



आत्मानंद कालेज में वार्षिकोत्सव सह सांस्कृतिक महोत्सव "तरंग"

### नृत्य-संगीत से बंधा समा

विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित इस महोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न लोक नृत्य, गायन, नाटक और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई एवं विभिन्न विधाओं जैसे खेल, कला, पाक एवं साजसज्जा पर आधारित विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागीयों में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय द्वारा शुक्रवार को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव ''तरंग का आयोजन किया गया। ''सीखने की यात्रा, सफलता का उत्सव'' के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित यह कार्यक्रम गांधी चैक स्थित उच्च न्यायालय के पुराने भवन में संचालित महाविद्यालयीन प्रांगण में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ यूके श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।



इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर महापौर पूजा विधानी, महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नंदलाल चैधरी, पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा रजक, नगर निगम बिलासपुर के सभापति विनोद सोनी एवं अन्य सम्माननीयगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल के द्वारा विधायक निधि से से प्रदत्त स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ एवं महाविद्यालयीन अन्नपूर्णा कैंटिन' का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। अमर अग्रवाल ने कहा कि दुनिया के साथ चलने में आज का युवा अपने आप को सशक्त बना रहा है, 2047 तक आजादी का सौ वॉ वर्ष मनाया जाएगा तब भारत विकसित भारत के रूप में स्थापित हो जाएगा,और इस भारत के निर्माण में युवाओं अतुल्नीय योगदान रहेगा। नगर विधायक के द्वारा महाविद्यालय को 10 नग कम्प्यूटर सेट प्रदान करने एवं महाविद्यालयनी प्रांगण में शुद्ध जल की व्यवस्था हेतु बोर करने की भी घोषणा की गई। उन्होने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए समाज में उनकी भूमिका से परिचित कराया इसके साथ ही महाविद्यालय में आयोजित हुए इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालयीन समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रेमलता वर्मा एवं समन्वयक डॉ राजकुमार सचदेव, नंदलाल चौधरी सहित समस्त विद्यार्थी मौजूद थे।

# शिवाजी जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा जिजा माता की जीवंत झांकी रही दर्शनीय



**बिलासपुर।** क्षत्रपति शिवाजी की जयंती शुक्रवार को मनाई गई, मराठा समाज द्वारा सुबह बृहस्पति बाजार स्थित शिवाजी की प्रतिमा,टॉउन हॉल व तुलजा भवानी मंदिर कुदुदंड स्थित शिवाजी की प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण किया। शाम को जीवंत झांकी और रौबदार मूंछ, हाथ में तलवार लिए घोड़े और बग्घी पर सवार होकर समाज के पुरुष, महिलाओं और बच्चों ने ढोल, ताशा, धुमाल की धुन पर नाचते गाते, मराठा भगवा ध्वज लहराते और शौर्य प्रदर्शन करते हुए शोभायात्रा निकाली गई।

इसमें शिवाजी महाराज, जिजा माता की जीवंत झांकी रही, ढ़ोल के साथ रायपुर के रंगोली आर्टिस्ट के द्वारा पूरी रास्ते सुंदर रंगोली आकर्षण का केन्द्र बना रहा। शोभायात्रा में सभी मराठा भगवा पगड़ी में एवं महिलाएं मराठी वेशभूषा में दिखाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी, पार्षद अंजनी कश्यप रहें। जगह-जगह पुष्पवर्षा से से शौर्य यात्रा का स्वागत किया गया। यह नजारा शिवाजी की जयंती पर निकली शोभायात्रा का था, मराठा समाज ने जयघोष के साथ छत्रपति शिवाजी की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा लाल बहादुर शास्त्री मैदान से निकली। गोलबाजार, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, छत्रपति शिवाजी चौक होते हुए आई तुलजा भवानी मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते उत्साह का माहौल रहा। आई तुलजा लजा भवानी भवानी मंदिर में धूमधाम से उनकी जयंती मनाई गई। समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि शोभायात्रा मंदिर में पहुंचने के बाद माता की पूजा-अर्चना और महाआरती हुई।



### जगह-जगह पुष्पवर्षा से यात्रा का किया गया स्वागत

स्थानों में जगह-जगह स्वागत किया गया। स्वागत शोभायात्रा का गोल बाजार, सदर बाजार सहित अन्य स्थानों में करने वालों ने शिवाजी, जीजा माता के जयकारे लगाते हुए पानी पाउच, फल व मिठाई वितरित की।

कॉर्नर न्यूज

राजयोग भवन में मनाई गई 12वीं पुण्य स्मृति

# बीके गीता दीदी का जीवन दिव्य गुणों की मिसाल : स्वाति



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की सबसे पुरानी एवं मुख्य शाखा राजयोग भवन में ब्रह्माकुमारीज का बिलासपुर में बीजारोपण करने वाली राजयोगिनी बीके गीता दीदी की 12वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया।

सेवा केन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि गीता दीदी का संपूर्ण जीवन दिव्य गुणों का जीवंत स्वरूप था। वे सदा शांत, सुलझे और समाधान स्वरूप आत्मा बनकर सभी के सामने रहीं। विशाल सेवा क्षेत्र, जिम्मेदारियां और सम्मान होने के बावजूद उनके मन में सदा "मैं नहीं, ईश्वरीय निमित्त" की भावना रही। वे हर आत्मा को समान दृष्टि से देखती थीं। उनके लिए हर आत्मा मूल्यवान थी। कठिन परिस्थितियों में भी वे स्थिर रहतीं और समस्याओं को समाधान में बदलने की कला सिखाती थीं। सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत व्यापक और प्रभावशाली रहा। उन्होंने मध्यप्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में आध्यात्मिक सेवा करते हुए आत्म-जागरण का कार्य किया। विशेष रूप से बिलासपुर उनकी मुख्य कर्मभूमि रही। यहां उन्होंने 1976 से 2014 तक निरंतर सेवा करते हुए आध्यात्मिकता का बीजारोपण किया। उनके प्रयासों से अनेक आत्माओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया और राजयोग के माध्यम से आत्मिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाई-बहनों ने अपने अनुभव साझा किए एवं उपस्थित सभी लोग उनके बताए हुए मूल्यों, शांति, सहनशीलता, निःस्वार्थ सेवा और ईश्वरीय मर्यादाओं में जीवन जीने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने उन्हें स्नेह-सुमन अर्पित किया।

नारायणी महिला समिति का आयोजन

# राणी सती दादी मंदिर में 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह



**बिलासपुर।** गौरव पथ रिंग रोड नंबर 2 स्थित राणी सती दादी मंदिर में नारायणी महिला समिति के सहयोग से गुरूवार को 15 जरूरतमंद जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया एवं उन्हें जरूरत का सामान दिया गया।

समिति की सदस्यों ने बताया कि हर साल उनकी इस समिति द्वारा जरूरतमंद कन्याओं का विवाह कराया जाता है। अब तक सौ से अधिक कन्याओं की शादी कर उनके जीवन में खुशियों का संचार किया जा चुका है। इसी क्रम में इस साल भी यह आयोजन किया गया है। जिसमें 15 जोड़ों ने दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। मंदिर प्रांगण में पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन दान दाताओं व समाज सेवियों के सहयोग से संभव हो पाता है। हर वर्ष बड़ी संख्या में आवेदन आने की वजह से साल में दो बार विवाह समारोह आयोजित किए जाते हैं। विवाह के समय वर-वधु पक्ष वालों के लिए नाश्ता व भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।



### भेंट की गई आवश्यक सामग्री

दांपत्य सूत्र में बंधने वाले प्रत्येक जोड़ें को गृहस्थ जीवन की शुरूआत के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई। इसमें वधु के लिए साड़ी, सूट, एक अलग सूटकेश में 11 साड़ियां, मंगल सूत्र, आलमारी, कूलर, पंखा, बर्तन, सुहाग सामग्री सहित कुछ नगद राशि शामिल है।

## खबर संक्षेप

### ओडिशा से गांजा लेकर आया युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** ओडिशा से ट्रेन में गांजा लेकर रेलवे स्टेशन से बाहर निकलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से 10 किलो 594 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस को सूचना मिली रेलवे स्टेशन के पास रेलवे अंग्रेजी मीडियम स्कूल के पास एक युवक ट्राली बैग में गांजा रखकर खड़ा हुआ है। एसआई रामनरेश यादव ने स्टाप के साथ स्कूल के पास घेराबंदी करते हुए हिमांश यादव पिता मनोज यादव 20 साल रेलवे कालोनी झारसुगुड़ा ओडिशा निवासी को पकड़ लिया। ट्राली बैग की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 10 किलो 594 ग्राम गांजा मिला। पुलिस के अनुसार, आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन से शहर आया और बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार करते हुए खड़ा हुआ था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### भारी वाहन की टक्कर से कार सवार घायल

**बिलासपुर।** भारी वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए कार को टक्कर मार दी, जिससे कार सवार व्यक्ति घायल हो गए और कार के परखच्चे उड़ गए। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
मस्तूरी पुलिस के अनुसार, बुधवार को मल्हार निवासी लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एएस, 1640 में किसी काम मस्तूरी गए थे। रात 10.30 बजे वापस मल्हार लौट रहे थे। वेद परसदा व टिकरी के बीच मल्हार की ओर से जा रहे भारी वाहन के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में श्री त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए और कार के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए। श्री त्रिपाठी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया, अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार घायल हो गए है। परिजन के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

### कार को टक्कर मारकर ट्रेलर पेड़ से टकराया



**बिलासपुर।** तेज रफ्तार ट्रेलर कार को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरा गया। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तोरवा पुलिस के अनुसार, गुरूवार की रात 9 बजे मस्तूरी की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एआर, 6273 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक कार को टक्कर मार दी, चालक ने तेज रफ्तार से भागने की कोशिश की तो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**रास्ता बदलते रहे शहरवासी, लेकिन हर रास्ते में फंसे** | **कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत प्रशासन ने लगाया बैरीकेड्स**

# कलेक्टोरेट के आधे किमी. दूर चारों ओर रास्ता जाम, हलाकान होते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के मद्देनजर कलेक्टोरेट के चारों ओर आधे किलोमीटर की दूरी में गुरूवार को हर रास्ते में जाम की स्थिति रही। पुलिस प्रशासन द्वारा नेहरू चौक, रजिस्ट्री आफिस रोड एवं शेफर स्कूल चौक में बेरीकेट्स लगा दिए जाने के कारण लोग रास्ता बदलकर आवागमन करते रहे, लेकिन हर रास्ते में लगे लंबे जाम में फंसकर हलाकान होते रहे।

- गुरूवार को पूरे दिन कलेक्टोरेट क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति बनी रही

शहर के सबसे व्यस्ततम एवं आवाजाही वाले कलेक्टोरेट क्षेत्र में गुरूवार को पूरे दिन जाम जैसी स्थिति रही। कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के मद्देनजर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा एक दिन पहले से ही ठोस तैयारी कर ली गई थी। इसके अंतर्गत नेहरू चौक के पास बेरीकेट्स लगा दिए गए थे। इसी तरह एसपी आफिस के ठीक सामने टाऊन हॉल के बाजू से सिंचाई विभाग की ओर जाने वाली सड़क पर भी बेरीकेटिंग की गई थी। इसी तरह कलेक्टोरेट से थोड़ा और आगे जाने पर शेफर स्कूल चौक के पास भी बेरीकेटिंग करने के कारण लोगों को आवागमन का रास्ता ही नहीं मिल सका था। लिहाजा लोग रास्ता बदलकर जाने का प्रयास करने लगे।



नेहरू चौक पर कांग्रेस के मनरेगा बचाओ आंदोलन के कारण बिलासपुर-रायपुर रोड पर घंटों लगा रहा जाम।

एक ही समय में अचानक छोटी एवं कम चौड़ी सड़कों पर बड़ी संख्या में वाहन चलने के कारण हर सड़क पर जाम की स्थिति रही। लोग शेफर स्कूल चौक से कुदुदंड होकर नेहरू चौक या सरकंडा की ओर जाने का प्रयास करते रहे, जिससे कुदुदंड रोड काफी संकरा होने के कारण लोगों को फंसना पड़ा। टाऊन हॉल के बाजू से सिंचाई विभाग वाले चौक तक सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों ने आवागमन का रास्ता रोककर रखा था, जिससे लंबा जाम लग गया।

इसी तरह सिंचाई विभाग चौक से आईजी आफिस होते हुए नेहरू चौक वाले मुख्य मार्ग एवं सिंचाई विभाग चौक से वेयर हाऊस रोड जाने वाली सड़क पर भी वाहनों की लंबी लाईन व जाम की स्थिति रही। लोगों ने मेनरोड पर बेरीकेटिंग होने के बाद अंदर की सड़क से आवागमन करने व जल्दी पहुंचने का प्रयास किया था, लेकिन कोई भी प्रयास काम नहीं आया व लोगों को जाम में फंसना ही पड़ा।

### जाम में फंसे रहे दर्जनों विभाग के कर्मचारी

कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण की गई बेरीकेटिंग के चलते सर्वाधिक प्रभावित शासकीय कर्मचारी नजर आए। इस दौरान कलेक्टोरेट, नई कंपोजिट बिल्डिंग, पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग, जिला पंचायत, महिला बाल विकास विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कर्मचारयों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारयों को अपने वाहन अपने कार्यालय से काफी पहले खड़ा कर पैदल ही जाना पड़ा। ज्यादातर कर्मचारियों ने अपने वाहन टाऊन हॉल परिसर एवं टाऊन हॉल के बाजू से सिंचाई विभाग की ओर जाने वाले मार्ग में खड़ा किया था, जिसके कारण ही सबसे अधिक जाम की स्थिति निर्मित हुई।

**मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस ने किया आंदोलन**

# कलेक्टोरेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों और पुलिस बल के बीच जमकर धक्कामुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कलेक्टोरेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों और पुलिस बल के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। मनरेगा बचाओ संग्राम तहत जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को केन्द्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला गया और प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की गई।

- केन्द्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसजनों ने की नारेबाजी

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को नेहरू चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकजुट होकर केंद्र सरकार द्वारा नया कानून वीबी-जी राम जी कानून वापस लेने की मांग करते हुए विरोध जताया या। नेहरू चौक से कांग्रेसी कलेक्ट्रेट घेराव करने नारेबाजी करते हुए कूच किए। लेकिन एसबीआई बैंक के ठीक पहले पुलिस, प्रशासन ने टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर दी थी और बेरिकेड लगा दिया था। बेरिकेड तक जाने के लिए कांग्रेसियों की भीड़ और पुलिस बल के साथ जमकर धक्कामुक्की हुई। काफी प्रयास के बाद धक्कामुक्की कर कांग्रेस कार्यकर्ता बेरिकेड तक पहुंच तो गए, किन्तु टीन ऊंची दीवार के चलते उन्हें वहीं रूकना पड़ा। काफी देर तक प्रदर्शन नारेबाजी करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की ओर से मौके पर पहुंचे एसडीएम मनीष साहू को ज्ञापन सौंपा।

आज के घेराव आंदोलन में पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडे, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व सांसद ईग्रीड मैकलाउड ,पूर्व महापौर रामशरण यादव, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला नेता प्रतिपक्ष भारत कश्यप ,आशीष सिंह , रविन्द्र सिंह,आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



कांग्रेसियों को नेहरू चौक पर कलेक्टोरेट जाने से रोकते पुलिस के जवान।

### गांधी से डरती है भाजपाः विजय

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व मनरेगा बचाओ महासंग्राम के बिलासपुर संभाग के प्रभारी विजय केशरवानी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। विजय ने कहा कि भाजपा गांधी से डरने लगी है। राष्ट्र में गांधी की बनी व्यापक छवि और सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है। मनरेगा से राष्ट्रपिता के नाम को हटाकर भाजपा ने राष्ट्रपिता का राष्ट्रीय अपमान किया है। देश भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गांधी से भाजपा डरने लगी है। जब-जब गांधी को बोलने से रोका जाएगा, जब-जब भाजपा गांधी के नाम को खत्म करने की साजिश रचती रहेगी, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता सदन की लड़ाई लड़ते रहेंगे। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों के अधिकारों को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। इसी तरह शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने कहा कि मनरेगा की राशि का भुगतान केंद्र सरकार द्वारा ही किया जाना चाहिए न कि राज्य सरकार पर इसका आर्थिक बोझ डाला जाए।



आंदोलन के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेता।

### सड़क से सदन तक लड़ाई

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मजदूरों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार जारी रहेगा। सड़क से सदन तक की लड़ाई अनवरत जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र कि नरेंद्र मोदी सरकार मजदूरों के अधिकारों का हनन कर रही है और बरसों पुरानी मनरेगा योजना को खत्म कर रही है, जिससे न केवल मजदूरों को आर्थिक नुकसान होगा बल्कि उनके सामने रोजगार की एक बड़ी समस्या भी खड़ी हो जाएगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 45 दिनों से राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चला रही है। आंदोलन के तहत जिले के सभी विकासखंडों में धरना-प्रदर्शन, जन चौपाल, उपवास और पदयात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं ने तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा मनरेगा को मजबूत करने की मांग उठाई।

**एक बार फिर बूढ़ा तालाब में मृत मिले 8 कछुए**

# 6 दिन में 12 कछुओं की मौत से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 दिन के अंतराल में रतनपुर के मां महामाया मंदिर के पास बने बूढ़ा तालाब में 8 कछुओं की मौत एक बार फिर हो गई है। इससे अब मृत कछुओं की संख्या 4 से बढ़कर 12 पहुंच गई है, जिसकी मौत के बाद पूरे मंदिर परिसर में सनसनी फैल गई है।

- पहले मां महामाया कुंड में हुई थी चार कछुओं की मौत

कुछ दिन पहले रतनपुर के मां महामाया मंदिर के कुंड में चार कछुए मृत अवस्था में मिले थे, जिसकी सूचना मंदिर प्रबंधन ने रतनपुर वन परिक्षेत्र के स्टाफ को दी थी। सूचना मिलने के बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कछुओं का शव कुंड से बाहर निकालने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया था। चार दिन के बाद कानन पेण्डारी जू के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन की रिपोर्ट से चारों कछुओं की मौत का कारण अंदरूनी चोट को बताया गया। इन चारों कछुओं की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद रतनपुर वन परिक्षेत्र के परिक्षेत्र अधिकारी और अन्य स्टाफ ने जांच शुरु ही की थी कि एक बार फिर मां महामाया मंदिर के पास बूढ़ा तालाब में आठ कछुए की लाश तैरती हुई दिखाई दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद बूढ़ा तालाब पहुंचकर आठों कछुओं का शव बाहर निकाला गया। मौके पर पोस्टमार्टम कराने के दौरान कछुओं की मौत का कारण एक बार फिर अंदरूनी चोट को दर्शाया गया। इससे स्पष्ट हो गया कि कछुओं को लाठी से पीट पीटकर मारा गया है, जिसके कारण उनके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इसके बाद अब विभागीय टीम सीसी टीवी फुटेज खंगालने के साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ करने में जुट गई है।



### कछुआ संरक्षित वन्यजीव

वन विभाग के अफसरों के अनुसार कछुआ अनुसूची एक के संरक्षित वन्यजीव है, जिनकी हत्या गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। लगातार हो रही घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अफसरों का कहना है कि यदि शिकार या सुनियोजित हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा की कार्रवाई होगी। फिलहाल कछुओं की मौत के पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा है और लोग इस बेरहम करतूत पर आक्रोश जता रहे हैं।

### की जा रही जांच

बूढ़ा महादेव के तालाब में आठ कछुए मृत अवस्था में मिले हैं। इनका भी पोस्टमार्टम हो गया है, जिनकी मौत के कारण की जानकारी अंदरूनी चोट के कारण मिल रही है। फिलहाल रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। कछुओं की मौत के कारण जांच शुरु करने के अलावा सभी लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

**-देवसिंह ठाकुर**, रेंजर, रतनपुर वन परिक्षेत्र

### लाठी से पीटकर हत्या की आशंका

मां महामाया मंदिर परिसर के कुंड में चार कछुए मृत मिले थे, जिनके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि मौत स्वाभाविक नहीं बल्कि किसी भारी वस्तु या लाठी से वार किए जाने के कारण उन्हें मारा गया है। सभी कछुओं के शरीर पर एक जैसे चोट के निशान पाए गए हैं। वन विभाग की टीम ने मंदिर परिसर के सीसी टीवी फुटेज खंगालने के साथ मंदिर प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ शुरु कर दी है। मृत कछुओं की उम्र महज चार से पांच महीने बताई जा रही है।

### राशन दुकान आवंटन के लिए आवेदन 13 मार्च तक

**बिलासपुर।** जिले के विकासखंड मस्तूरी के अंतर्गत 8 ग्रामों में उचित मूल्य (राशन) दुकानों के संचालन के लिए 13 मार्च तक आवेदन आमंत्रित हैं। एसडीएम कार्यालय के अनुसार इसमें बूढ़ीखार, गतोरा, केवतरा, गोडाडीह, मस्तूरी, मटिया, शिवटिकारी एवं सुकुलकारी ग्रामों में राशन दुकान खोलना है। इन ग्रामों राशन दुकान के लिए पात्र स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत अथवा सहकारी संस्थाएं निर्धारित आवेदन कर सकती हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 मार्च है।




# निःशुल्क आर्थोपेडिक परामर्श निदान शिविर 22 को

**बिलासपुर।** भारतीय जैन संघठना (बीजेएस) बिलासपुर द्वारा शेल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की उपस्थिति में कन्हैयालाल गंगवाल की स्मृति में निःशुल्क आर्थोपेडिक परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी रविवार को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जैन भवन टिकरापारा में आयोजित होगा। जिसका रजिस्ट्रेशन शुरू है।



बीजीएस के बिलासपुर अध्यक्ष अंशुल जैन एवं सुनीता जैन ने बताया कि शिविर में शेल्बी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. धीरन मांकड़ एवं आर्थोपेडिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. परेश गमारा एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मार्टिन मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देंगे। इच्छुक मरीजों से अग्रिम पंजीयन कराने तथा अपने पूर्व चिकित्सा परीक्षण संबंधी रिपोर्ट साथ लाने कहा गया है। यह शिविर भारतीय जैन संगठना एवं सकल जैन समाज के सहयोग से लगाई जा रही है जो कि पूर्णता निःशुल्क है। यह शिविर छग के प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल, महासचिव विकास जैन, प्रदेश सचिव अमरेश जैन के प्रयासों से दो दिवसीय बिलासपुर में 22 एवं कोरबा में 21 फरवरी को किया जा रहा है।

कोरबा में योगेश जैन एवं पारस जैन के सहयोग से शिविर को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पंजीयन के लिए अमरेश जैन, अंशुल जैन, सुनीता जैन, अमित जैन, रितु जैन, प्रवीण कोचर, अजय छाजेड, सुमित बोथरा, मनोज जैन, गोपाल वेलाणी, पराग जैन, राजू भाई तेजाणी, अभिनव डाकलिया से संपर्क कर सकते हैं।






## खबर संक्षेप

### भागवत कथा का श्रवण कर उसका चिंतन करना चाहिए: पांडेय

**तखतपुर।** समडील नवापारा में साहू निवास पर आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में




कथावाचक डॉ राजेंद्र कृष्ण पांडेय ने कथा विस्तार करते हुए कहा कि, भगवान की कथा का श्रवण करने का सौभाग्य व्यक्ति को कई जन्मों के पुण्य प्रताप के उदय होने से मिलता है। इसलिए व्यक्ति पूरे ध्यान से और मनोयोग से भागवत कथा का श्रवण कर उसका चिंतन करना चाहिए। जब हम भगवत कथा में पूरे मन से डूबे रहते हैं, तब स्वमेव हमारा मन परमात्मा से जुड़ जाता है। और जब व्यक्ति की आत्मा परमात्मा से जुड़ता है तो उस जीव का कल्याण हो जाता है। इस दौरान कथा श्रवण करने कृष्णा साहू, राजू साहू, रवि साहू, पार्वती साहू, विजय कुमारी साहू, लक्ष्मीन साहू, संतोषी साहू, प्रिया साहू, अरूण साहू, निशा साहू, लक्ष्मी प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सरस्वती साइकिल योजना के तहत 59 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



**पथरिया।** ग्राम सिलतरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 59 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पथरिया के सभापति (सहकारिता एवं उद्योग) जगदीश प्रसाद वर्मा थे। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच तामेश्वर वर्मा, शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष टीकाराम वर्मा, तुकाराम मरावी, जीवन मरावी, सीताराम वैष्णव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद वर्मा ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार राजपूत, डॉ. घनश्याम वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, भारत कुमार साहू, प्रीतम सिंह राजपूत, ओंकार वर्मा, सोहन यादव, कोमल चंदेल, नीतीश कुमार वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, दुर्गेश कुमार साहू, रघ्घु वर्मा, करन साहू, तोरन साहू, भिमेंश साहू, प्रेमु साहू, केशलु साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अमीन-पटवारी को पृथक करने एसडीएम सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** मनियारी बैराज अंतगर्त मुआवजा भुगतान से जुड़े अमीन-पटवारी तनय देवांगन को पृथक किए जाने की मांग किसानों ने की है। भाजपा नेत्री सरिता भारद्वाज के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि, मुआवजा भुगतान प्रकरण देख रहे अमीन पटवारी से संपर्क करने पर किसानों से भूमि अधिग्रहण का मुआवजा भुगतान हेतु 8 प्रतिशत राशि प्रति किसान से मांग की जा रही है। मनियारी बैराज में किसानों की जमीन का पिछले 12 वर्ष से भू-अधिग्रण का मुआवजा विलम्ब हो चुका है। सपर्क करने पर अमीन-पटवारी बोलते हैं कि, अभी 2 साल और लगेगा। अभी मेरे पास एक ही काम नहीं है। 8 प्रतिशत राशि नहीं देने पर तुम लोग अपना मुआवजा भूल जाओ। अमीन पटवारी ग्राम रोनाकापा, पडरिया छाप, कुकूसदा के किसानों से सौदेबाजी कर रहा है। किसान कन्हैया लाल, परेमेश्वर, देवचंद, निलेश, नरबद आदि किसानों ने अमीन-पटवारी पर कार्रवाई करते हुए अन्य यहां से हटाने की मांग की है।

### दिल्ली की टीम ने किया सामूहिक दवा सेवन का निरीक्षण



**बिल्हा।** फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत बिल्हा समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में 10 फरवरी से सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के निरीक्षण के लिए नई दिल्ली से डॉ सुदर्शन मंडल अपनी टीम के साथ बिल्हा पहुंचे। इस दौरान बीएमओ डॉ एसके गुप्ता एवं उनकी टीम ने दिल्ली से आए डॉक्टर सुदर्शन मंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। उसके पश्चात स्वास्थ्य टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकरभाठा, उपस्वास्थ्य केंद्र नयापारा तथा ग्राम रहंगी का निरीक्षण कर डोर टू डोर जाकर इसका प्रचार किया तथा लोगों को इसके फायदे बताए।

## गड्ढों के कारण आए दिन हो रहे हादसे

# राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति जर्जर, धूल में डूबा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग की अनदेखी का खामियाजा तखतपुर नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। सुबह से लेकर रात तक लोगों को ऐसा लगता है कि वे तखतपुर नगर नहीं बल्कि धूलपुर नगर में है। दर्जनों ज्ञापन, आवेदन के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के कान पर जू तक नही रेंग रहा है।

■ सड़क के किनारे रहने वाले त्रस्त बीमारियों का खतरा

तखतपुर से होकर गुजरने वाला बिलासपुर-जबलपुर मार्ग इन धूल के गुबार से भरा हुआ है। बेलसरी नाका से मनियारी पुल तक सड़क पर इतने गढ्ढे हैं कि, पदयात्री को भी सड़क खोजना पड़ रहा है। वहीं वाहन चालकों के लिए यह 3 किलोमीटर की दूरी परीक्षा साबित होती है। इस दौरान वाहन चालक गढ्ढे में जाते हैं, या तो किसी अन्य राहगीर से टकराते हैं। हाल यह है कि, दर्जनों से ज्यादा दुर्घटनाएं इस 3 किलोमीटर की सड़क पर हो रही हैं। नगरवासियों ने कई बार राष्ट्रीय राज मार्ग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है कि, इस सड़क को दूरूस्त कर दिया जाए, ताकि नगरवासी धूल से भी मुक्ति पा जाएं, और इस राह से गुजरने वाले यात्री भी दुर्घटना से बच सकें। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गढ्ढों के कारण दिनभर धूल उड़ रही है, ऐसा लगता है किसी कालरी किसी फैक्ट्री वाले क्षेत्र में में आ गए हैं। दिनभर धूल के गुबार के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। 5.30 किलोमीटर लंबी सड़क को बनाने के लिए लगभग 6 करोड़ रूपए का टेंडर जारी किया जा चुका है, लेकिन दो माह बाद भी वर्कआर्डर जारी नहीं होने से काम शुरू नहीं हो सका है। यदि दो माह पहले ही टेंडर के बाद काम शुरू हो जाता तो सड़क भी सुधर जाती और लोगों को परेशानी भी नहीं होती।



### बिमारियों का खतरा

चिकित्सक डॉ सुनील हंसराज ने बताया कि, यदि व्यक्ति लगातार धूल भरे क्षेत्र में रहता है तो, उसे आस्थमा एलर्जी, लंग्स कैंसर, ब्रोंकाईटीस, सांस लेने में तकलीफ जैसी गंभीर बिमारीयां हो सकती हैं। इससे व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

### गौरव पथ भी दुर्दशा का शिकार

महाराणा प्रताप चौक से कैलाश नगर तक गौरव पथ की हालत भी जर्जर है। मार्ग की स्थिति इतनी दयनीय है कि, इस एक किलो मीटर की दूरी को पूरी करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। प्रतिदिन कई विभागों के आला अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं, नगरपालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी नियमित इस सड़क से गुजरते हैं, लेकिन किसी को इस सड़क को सुधारने में कोई चिंता नहीं है। सबसे ज्यादा तकलीफ इस सड़क के किनारे किनारे रहने वाले और व्यापारियों को होती है, जो दिनभर अपने नाक और मुंह में रूमाल बांधे बैठे रहते हैं। लोग नगरपालिका प्रशासन को कोस रहे हैं, सभी को उम्मीद है कि, बहुत जल्दी नगर पालिका प्रशासन अपनी कुंभकरणी निद्रा से जागेगा और इस सड़क की सुध ली जाएगी।

### जल्द होगा काम प्रारंभ

राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के लिए एक-दो दिवस में वर्कआर्डर जारी कर दिया जाएगा, और बहुत जल्दी ही इसका काम प्रांरभ हो जाएगा।

**-आर खामरा**, अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग

### वर्कआर्डर जारी

गौरवपथ निर्माण के लिए दर अनुमोदन हेतु उच्च कार्यालय को भेजा गया है। स्वीकृति उपरांत वर्कआर्डर जारी कर दिया जाएगा, और फिर निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

**-अमरेश सिंह**, सीएमओ नपा तखतपुर

## कलेक्टर ने बच्चों से किया संवाद



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विकासखंड मुंगेली के ग्राम बांकी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, पोषण आहार एवं 'रेडी टू ईट' मेन्यू की जानकारी ली तथा स्वयं भोजन चखकर गुणवत्ता की जांच की। कलेक्टर ने भोजन स्वच्छता के साथ पकाने, ताजी सब्जियों का उपयोग सुनिश्चित करने और पोषण मानकों का पालन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें चॉकलेट भी वितरित की गई।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जैतपुरी-बांकी सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पाए जाने पर ब्लॉक समन्वयक को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही गांव में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिलने पर जनपद सीईओ एवं संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े स्टाफ को नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात कलेक्टर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं उच्च माध्यमिक शाला बांकी का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में स्वच्छता की कमी पाए जाने पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा नकल रोकने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## जुआ माफिया योगेंद्र की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**मुंगेली।** संगठित जुआ माफिया योगेंद्र शर्मा उर्फ लाला महाराज की अग्रिम जमानत याचिका सत्र न्यायालय मुंगेली ने खारिज कर दी है। जिला सत्र न्यायालय मुंगेली ने थाना



चिल्फी में धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 के मुख्य आरोपी योगेंद्र शर्मा उर्फ लाला महाराज उर्फ भर्रा की अग्रिम जमानत याचिका को कड़ा रुख अपनाते हुए खारिज कर दिया है। न्यायाधीश गिरजा देवी मेरावी ने आरोपी के आपराधिक इतिहास एवं संगठित अपराध में संलिप्तता को दृष्टिगत रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया गया। प्रकरण में लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए जमानत निरस्त कराई एवं पूर्व में भी आरोपी योगेंद्र शर्मा की जमानत याचिका जिला न्यायालय से निरस्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गौरतलब है कि, आरोपी लंबे समय से फरार है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने उस पर में 1 रहजार रुपए के नकद इनाम की घोषणा की थी। जिले में आरोपी के पोस्टर भी चस्पा किए गए थे। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के उपरांत अब पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वैधानिक कार्यवाही में पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त है तथा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

## चार दिवसीय आईवाईसीएफ प्रशिक्षण का आयोजन



**मुंगेली।** मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार शिशु एवं बाल पोषण को बेहतर बनाने हेतु 19 फरवरी तक जिला स्तरीय चार दिवसीय आईवाईसीएफ प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप जायसवाल तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ मणीलाल भास्कर द्वारा प्रतिभागियों को जानकारी दी जा रही है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे ने बताया कि, प्रशिक्षण में जिले के स्टाफ नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं काउंसलर फीडिंग डिमॉन्स्ट्रेटर भाग ले रहे हैं।

## केंद्रीय दल ने किया सामूहिक दवा सेवन अभियान का निरीक्षण



**मल्हार।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित सामूहिक दवा सेवन एमडीए अभियान का निरीक्षण करने भारत सरकार नई दिल्ली से पहुंचे केंद्रीय दल ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों एवं ग्रामों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण दल में डीडीजी डॉ सुदर्शन मंडल, डॉ जितेन्द्र, डॉ रंजन, डॉ चिन्मय दास एवं प्रोजेक्ट कन्सर्न इंटरनेशनल के प्रतिनिधि मुमताज शामिल रहे। उन्होंने विकासखंड मस्तूरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हार का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीके वैष्णव, वीबीडी सलाहकार कृष्णा कुमारी, डब्ल्यूएचओ से डॉ स्नेहाश्री, पीसीआई से आदित्य शर्मा एवं अनुषा मुरली सहित मलेरिया विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भटगांव स्कूल में वार्षिक उत्सव बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**मुंगेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भटगांव में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरपंच चोवाराम ओगरे ने कहा कि इस सांस्कृति कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा बाहर आती है। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चो के द्वारा पंथी नृत्य, राउत नाचा, करमा नृत्य सोलो डांस की मनोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम उपरांत बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित सोनी एवं शिव कौशिक एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक महेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संत गुरुघासी दास कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

संत गुरु घासीदास महाविद्यालय पचपेड़ी का वार्षिक स्नेह सम्मेलन उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ प्रेमचंद जायसी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर विजय टांडे, सचिव प्रबंध समिति जितेंद्र पाटले, सदस्य जनपद पंचायत मस्तूरी ज्वाला प्रसाद बंजारे शामिल हुए।

महाविद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र जायसी सहित सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, समूह नृत्य एवं नाट्य मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसे सभी ने खूब सराहा। अतिथियों ने अपनी शिक्षा और संस्कार की महत्ता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य रविन्द्र जायसी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बिल्हा तहसील में नोटरी पदों पर नियुक्ति की मांग

**बिल्हा।** बिल्हा तहसील क्षेत्र में चार नोटरी नियुक्ति हेतु माह अगस्त 2025 में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है, लेकिन आज तक नोटरी नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण नहीं होने से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है।



ज्ञात हो कि, तहसील क्षेत्र हेतु 23 अगस्त 2018 के राजपत्र में 4 नोटरी पद का सृजन किए जाने का प्रकाशन हुआ था। लगभग 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिल्हा तहसील हेतु स्वीकृत पद पर नोटरी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इस सबंध में पहली बार जनवरी 2020 में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, जिसे स्थगित कर दिया गया था। इसके एक बाद फिर से 28 फरवरी 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया, लेकिन उसे भी निरस्त कर दिया गया। इसी क्रम में दो सालों बाद फिर से अगस्त 2025 तक नोटरी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया, लेकिन लगभग 5-6 माह बीत जाने के बाद भी नोटरी नियुक्ति नहीं हो पाई है। बिल्हा एक विधानसभा मुख्यालय होने के साथ-साथ एशिया का सबसे बड़ा विकास खंड है, जहां 30-35 राइस मिल, दाल मिल, क्रेशर प्लाट, स्पंज आयरन प्लांट 6-7 हायर सेकेंडरी स्कूल, व्यववहार न्यायालय, एसडीएम न्यायालल, तहसील न्यायालय, उपपंजीयक कार्यालय, जनपद पंचायणत, नगर पंचायत कार्यालय स्थित है। ऐसे में नोटरी की समुचित सुविधा नहीं होने से आमजन, विद्यार्थियों, व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने बिल्हा क्षेत्र हेतु स्वीकृत 4 नोटरी पद पर तत्काल नोटरी नियुक्ति करने शासन से मांग की है।

## किसान पंजीयन व आधार कार्ड बनाने लगा शिविर



**भर्रीडांड़।** जीपीएम जिले के मरवाही विकासखंड की ग्राम पंचायत भर्रीडांड़ में गुरुवार को किसान पंजीयन और बच्चों का आधार कार्ड बनाने शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर में ग्रामीणों भारी भीड़ एकत्र हुई, जिसमें छोटे बच्चों सहित महिलाएं शामिल थीं।

आपरेटर अजय कुमार रजक ने बताया कि, बुजुर्गों के पास मोबाइल नहीं होने के कारण ओटीपी की समस्या आ रही है, जिसके चलते इनका पंजीयन नहीं हो पा रहा है। देवसिंह आर्मो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि, शिविर में छूटे किसानों की संख्या 58 थी, जिसमें 7 की मौत हो गई है एवं 21 किसानों का पंजीयन किया गया। आधार कार्ड बनाने वाले आपरेटर शिवशंकर पैकरा ने बताया कि, शिविर में 16 बच्चों का आधार कार्ड बनाया गया है। मीना केवट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने जानकारी दी कि, बच्चों का आधार बनाने का कार्य महिला बाल विकास विभाग की ओर से हर गांव में शिविर लगाकर बनाया जा रहा है, जो भर्रीडांड़ में पंचायत भवन में आयोजित किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि, हितग्राहियों के द्वारा सही डाक्युमेंट न देने से आधार कार्ड बनाने में तकनीकी दिक्कत आ रही है। आज केशिविर में सरपंच सुमन सिंह वाकड़े, प्रवीण कुमार मिश्रा, अमर देव जैसवाल, जीवन दुबे, मनहरण दुबे, ऊपलाल केवट, कुंवर सिंह कंवर, गोकर्ण केवट, बुधराम ओट्टी, प्रताप रजक, मितानिन किरण यादव, इंद्रवती रजक आदि उपस्थित रहे।

## होली तक चलेगा 15 दिवसीय मल्हार मेला

# क्षेत्रवासियों में दिख रहा मेले को लेकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

महाशिवरात्रि पर्व से शुरू हुए 15 दिवसीय मेले की रौनक अब दिख रही है। होली तक चलने वाली मेले में नगरवासियों के अलावा आसपास के गांवों के हजारों लोग पहुंच रहे हैं एवं खरीददारी के साथ मनोरंजन के साधनों का लुफ्त उठा रहे हैं।

मेले में इस बार भी सैकड़ों विभिन्न किस्म की दुकानें सजी हैं, जिसमे कपड़े, मनिहारी, ज्वेलरी, बर्तन, जूते चप्पल, चूड़ी, खिलौने, क्राकरी, सूपा टुकनी, दरवाजे की दुकान, विवाह समान के अलावा बड़ी संख्या में बड़े व छोटे होटल की दुकानें शामिल हैं। वही मेले का प्रमुख व्यंजन उखरा, पेठा व जलेबी की कई दुकानें मेले परिसर में सजी हैं, जहां लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। इसी तरह मनोरंजन के लिए हवाई झूला, ड्रेगन ट्रेन, ब्रेक डांस के अलावा छोटे बच्चो के लिए विशेष तरह झूले हैं, और ट्यूरिन टाकीज भी छत्तीसगढ़ी व हिंदी फिल्मों के साथ संचालित हो रहे हैं। वही टेटू बनवाने के शौकीनों ने भी अपने हांथों में बनवा कर मेले को यादगार बना रहे हैं। आसपास के गांवों के अलावा दूसरे जिलों जिनमे जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार, कोरबा, मुंगेली जिले से लोग बड़ी संख्या में पहुचे रहे हैं। मेला स्थल की जगह छोटी पड़ने के कारण बस स्टैंड से पुलिस चौकी तक दिनभर जाम की स्थिति बन रही है, फिर भी पुलिस ने व्यवस्था बनाने बायपास रोड से वन वे बनाकर ट्रैफिक कम करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा मस्तूरी जोन्धरा की ओर से आने वाली बड़े गाड़ियों को जाम का सामना करना पड़ रहा है।



### पाकेटमारों से सावधान रहने की अपील

चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि, मेले में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन लोगों को पाकेटमारों व उठाईगीरों से सावधान रहने की अपील लाउडस्पीकर के माध्यम कर रही है। इसके अलावा पुलिस के जवान पूरे मेला परिसर की निगरानी भी कर रहे हैं, और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। पिछले वर्षों में चाकूबाजी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, उत्पातियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### होली तक रहेगी मेले में रौनक

मेला इस बार होली तक चलेगा। लोगों ने बताया कि, आने वाले रविवार से मेला अपने पूरे शबाब पर आएगा, जो अगले बुधवार तक ऐसे ही चलता रहेगा। इस दौरान लोग दमकर खरीददारी करेंगे और मनोरंजन का आनंद लेंगे।

## लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा परीक्षा कल

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने परीक्षा के सुचारु, पारदशएं एवं निष्पक्ष संचालन के लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

यह परीक्षा जिले के 5 परीक्षा केंद्रों डॉ ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय, बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नगर पालिका और शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में आयोजित होगी, जिसमें कुल 1 हजार 603 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, बैठने की व्यवस्था एवं निगरानी के विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच के साथ ही हाथों से तलाशी ली जाएगी, जिसके लिए परीक्षार्थियों को अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र में कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की पूरी जांच समय पर हो सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। अभ्यथएं केवल प्रवेश पत्र, मूल फोटो पहचान पत्र, काले या नीले रंग का बॉलपॉइंट पेन तथा पारदर्शी पानी की बोतल ही साथ ला सकेंगे, जबकि मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैल्कुलेटर, किसी भी प्रकार की घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोटे सोल या ऊंची हील के जूते सहित अन्य सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। परीक्षा के दौरान हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े और चप्पल पहनना अनिवार्य होगा।